दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क
वर्षः 2 | अंकः 229 जयपुर, शनिवार, 29 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठः 10 | मूल्यः 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

जरूरी खबर

राहुल नौ अगस्त मानगढ़ धाम में करेंगे जनसभा

जयपुर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी नौ अगस्त को बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस (9 अगस्त) के अवसर पर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी राज्य और देश में बदलाव के लिए उनका समर्थन मांगने और उन्हें बधाई देने के लिए मानगढ़ धाम जाएंगे।

बवाल फिल्म में 'होलोकॉस्ट' के इस्तेमाल पर आपत्ति

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन अभिनीत फिल्म 'बवाल' शादीशुदा जीवन में कलह की कहानी बताने के लिए 'होलोकॉस्ट' शब्द का इस्तेमाल करने पर विवाद में फंस गई है। यहूदियों के प्रमुख संगठन ने लाखों लोगों की पीड़ा का 'तुच्छ रूप में प्रदर्शन' करने के लिए उसकी आलोचना की और 'प्राइम वीडियो' से फिल्म हटाने को कहा। होलोकॉस्ट के पीड़ितों की स्मृति को समर्पित 'साइमन विसेन्थल सेंटर' (एसडब्ल्यूसी) ने कहानी कहने के लिए "नाजी होलोकास्ट का दुरुपयोग करने के लिए फिल्म की आलोचना की।' 'बवाल' का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है।

ना-पाक दोस्ती: सोशल मीडिया पर दोस्त बने पाकिस्तानी युवक ने झांसा देकर नाबालिग का किया ब्रेन वॉश

दोस्त से मिलने लाहौर जा रही किशोरी को एयरपोर्ट पर पकड़ा

पुलिस को 3 घंटे तक किया गुमराह, फिर सामने आई हकीकत

बेधड़क | जयपुर

पाकिस्तान गई अंजू के मामले पर बवाल अभी थमा भी नहीं कि शुक्रवार को लाहौर जाने की तैयारी में जयपुर एयरपोर्ट पहुंची एक किशोरी पकड़ी गई। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद पाकिस्तानी लड़के के प्यार के झांसे में फंसी किशोरी बिना दस्तावेज ही जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंच गई थी। उसने पाकिस्तान लाहौर की फ्लाइट का टिकट मांगा तो वहां मौजूद सिक्योरिटी एजेंसी तुरंत अलर्ट हो गई और किशोरी से पूछताछ की। साथ ही, पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे गए तो उसने मना कर दिया। इसके बाद सिक्योरिटी इंचार्ज ने जयपुर कमिश्नरेट पुलिस के एयरपोर्ट थाने को सूचना दी।

एयरपोर्ट थाना पुलिस ने किशोरी से करीब 3 घंटे तक पूछताछ की तो यह सच सामने आया कि किशोरी इंस्ट्राग्राम अकाउंट चलाती है और उस पर उसकी दोस्ती पाकिस्तान के रहने वाले असलम से हुई थी। जिसने उसे कहा था कि वह एयरपोर्ट से टिकट लेकर पाकिस्तान आ जाए।

12वीं की टॉपर... इंस्टाग्राम अकाउंट से फंसी जाल में

पूछताछ में पता लगा कि किशोरी अपने 12 वीं क्लास में स्कूल टॉपर रही है। श्रीमाधोपुर की रहने वाली और चौमूं में पढ़ाई कर रही यह लड़की एक साल से इंस्टाग्राम अकाउंट चला रही है। तभी से पाकिस्तान के असलम से बात कर रही थी, जिसने इसे अपने प्यार के झांसे में फंसा साथ जीने मरने की कसमें खाकर पाकिस्तान आने को कहा। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने किशोरी को दोपहर दो बजे पकड़ा था। थाने लाकर पूछताछ की तब पहले तो उसने खुद को पाकिस्तानी निवासी गजल बताया और अपनी बुआ के साथ यहां आने की बात कही। करीब तीन घंटे की पूछताछ के बाद उसने सच बताया तो पुलिस ने फोटो के आधार पर उसके परिजनों का पता लगाया।

एक हजार रुपए लेकर आई थी

किशोरी घर से बड़ी बहन के पास जाने का कहकर निकली थी। उसके 500 रुपए यहां पहुंचने के किराए व बुर्का खरीदने के खर्च हो गए थे। ऐसे में अब पुलिस इस हर पहलू पर जांच कर रही है। वहीं पाकिस्तान से कितने अकाउंट इंस्टाग्राम से यहां की युवतियों के संपर्क में हैं यह भी पता लगाया जाएगा।

आज भाजपा की मैराथन चुनावी बैठक

मुख्यमंत्री के दावेदारों को नड्डा देंगे चुनावी टास्क

चुनावी रणनीति के लिहाज से कई महत्वपूर्ण फैसलों की उम्मीद

बेधड़क | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा शनिवार यहां पार्टी की चुनावी तैयारी को लेकर मैराथन बैठक लेंगे। इस दौरान वे आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी नेताओं को निजी आकांक्षाओं को पीछे छोड़ एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश दे सकते हैं।

बता दें, भाजपा मुख्यमंत्री पद का चेहरा पेश नहीं करेगी। लिहाजा, सूत्रों का कहना है कि भाजपा अध्यक्ष मुख्यमंत्री पद के सभी आकांक्षियों से पार्टी संगठन के लिए मजबूती से कदमताल कर काम करने का संदेश दे सकते हैं, ताकि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर भारी जीत सुनिश्चित की जा सके। नड्डा चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए भाजपा की राजस्थान इकाई की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और उम्मीद है कि वह मुख्यमंत्री पद के दावेदारों को संगठन के लिए काम करने के लिए कहेंगे। बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी और प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी नितिन पटेल भी मौजूद रहेंगे।

पार्टी के पदाधिकारियों को चुनावी टॉस्क के लिहाजा से मिल सकती है जिम्मेदारी

चुनाव केन्द्रीय नेताओं की देखरेख में

नड्डा का इस महीने यह दूसरा दौरा है। इससे पहले 16 जुलाई को जयपुर आए थे और प्रदेश भाजपा के नहीं सहेगा राजस्थान अभियान की शुरुआत की थी। जयपुर के बीलवा में जेपी नड्डा की सभा हुई थी। 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान पूरे राजस्थान में चल रहा है। एक अगस्त को जयपुर में बड़े प्रदर्शन के साथ यह अभियान समाप्त होगा। ऐसे में शनिवार की बैठक में आगे के अभियान व आंदोलन की रूप रेखा भी तय हो सकती है। प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पहले ही यह ऐलान कर चुकी है कि किसी भी स्थानीय नेता के चेहरे को आगे नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही चेहरा होंगे। ऐसे में राजस्थान में चुनावी कमान पूरी तरीके से केन्द्रीय नेताओं के हाथ में रहेगी।

चुनावी समितियों को लेकर भी चर्चा

नड्डा के पार्टी के राज्य के नेताओं के साथ प्रदेश में चुनाव संबंधी समितियों के गठन पर चर्चा करने की उम्मीद है और संगठनात्मक समितियों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पार्टी के एक नेता ने कहा कि अगले 10 दिन के भीतर एक और स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान का दौरा किया था और भाजपा के चुनावी नारे 'नहीं सहेगा राजस्थान' की घोषणा करते हुए स्पष्ट रूप से मौजूदा मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधा था।

बूथ लेवल तक चर्चा

नड्डा के सामने प्रदेश भाजपा के नेता बूथ और पन्ना स्तर के संगठनात्मक ढांचे को लेकर जानकारी रखेंगे। इसके लिए प्रेजेंटेशन तैयार किया गया है। इसके अलावा सवाईमाधोपुर की बैठक में बनी परिवर्तन यात्रा की योजनाओं को लेकर भी खाका पेश किया जाएगा। यात्राओं का नेतृत्व किस इलाके में किसके हाथ में रहेगा। यह भी बैठक में तय कर लिया जाएगा।

विनायक शर्मा ने पूछी CM की कुशलक्षेम

जयपुर। सच बेधड़क ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शुक्रवार को मुलाकात की और कुशलक्षेम जानी। शर्मा ने मुख्यमंत्री गहलोत के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री गहलोत के पिछले दिनों दोनों पैरों के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के कारण प्लास्टर बंधा हुआ है। वे मुख्यमंत्री निवास से ही जरूरी कामकाज निपटा रहे हैं।

कोटा में जल प्लावन के हालात: निचली बस्तियों में भरा पानी

कोटा बैराज के सात गेट खोले गए चंबल रिवर फ्रंट की दीवारें टूटी

- बीसलपुर में 5 सेमी. आया पानी, जलस्तर हुआ 313.73 आरएल मीटर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशभर में शुक्रवार को कहीं तेज तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश हुई। वहीं इस मानसून में लगातार बारिश के चलते पहली बार कोटा बैराज के 7 गेट खोले गए। इससे चंबल रिवर फ्रंट की दीवारें टूट गईं। बता दें, 3,000 करोड़ की लागत से बने रिवर फ्रंट का उद्घाटन 3 अगस्त को प्रस्तावित है।

इधर, राजधानी के कई इलाकों में शुक्रवार सुबह से रात तक रुक-रुक कर बारिश जारी रही। इस दौरान निचले इलाकों और मुख्य बाजारों में सड़कों पर खूब पानी बहा। उधर, जयपुर के मुख्य जलस्रोत टोंक जिले के बीसलपुर बांध में भी पानी की आवक शुक्रवार को भी जारी रही। इससे 315.50 आरएल मीटर क्षमता वाले इस बांध में 5 सेंटीमीटर पानी आया और इसका जलस्तर शुक्रवार रात तक 313.73 आरएल मीटर हो गया।

लगातार बारिश चलने से इस बांध की सहायक नदी त्रिवेणी का भी जल स्तर भी बढ़ा, यह शुक्रवार को 3.30 मीटर पर बही। दूसरी तरफ, कोटा की ताकली नदी में दो भाई नदी में बह गए। वहीं, चूरू जिले के दूधवाखारा थाना क्षेत्र के खेत में शुक्रवार दोपहर बिजली गिरने से भाई-बहन की मौत हो गई और दंपती बुरी तरह झुलस गए।



मौसम का पूर्वानुमान: मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार शनिवार को चार ज़िलों अलवर, भरतपुर, दौसा और धौलपुर में अतिभारी तथा जैसलमेर और बाड़मेर को छोड़ प्रदेश के अन्य सभी जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह येलो अलर्ट एक अगस्त तक जारी रहेगा।

फर्म के खाते और ऑफिस सीज करने धमकी दे मांगे थे 28 लाख रुपए

एसीटीओ के भाई ने ली 6.10 लाख की रिश्वत

बेधड़क | जयपुर

जयपुर एसीबी ने सहायक वाणिजय कर सर्किल-एच में एसीटीओ प्रियंका शर्मा को 6.10 लाख रुपए की घूस लेने आरोप में गिरफ्तार किया। उसके लिए यह राशि उसके भाई ने ली। इसमें से कुछ राशि ड्राइवर व गार्ड तक को बांटी गई। वहीं, एसीटीओ के भाई वेदप्रकाश शर्मा को पकड़ने के बाद जब एसीबी टीम ने प्रियंका के घर की तलाशी ली गई तो बेड में रिश्वत के 6.10 के अलावा 15 लाख रुपए और मिले। प्रियंका शर्मा गिरफ्तारी के बाद चेहरा छिपाती रही और रोने लगी।

एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि आरोपी प्रियंका शर्मा सत्य नगर, झोटवाड़ा की है। दलाली कर उसके भाई वेदप्रकाश शर्मा-कालवाड़ रोड को भी गिरफ्तार किया है। परिवादी ने 6.10 लाख रुपए उसे ही दिए थे। परिवादी की फर्म के टैक्स सर्वे के बाद आरोपी एसीटीओ ने खाते और ऑफिस सीज करने धमकी दी थी। ऐसा नहीं करने की एवज में 28 लाख रुपए मांगे थे।

सी-20 का सम्मेलन आज से

मानवाधिकार, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण जैसे विषयों पर होगी चर्चा

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री गहलोत करेंगे उद्घाटन
- सम्मेलन में शिरकत करेंगे दुनिया भर से 700 प्रतिनिधि
- आध्यात्मिक गुरु अमृतानंदमयी पहुंचीं, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

बेधड़क | जयपुर

जी-20 जुड़े सिविल-20 का तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन शनिवार से गुलाबी नगर में शुरू होगा। सम्मेलन में दुनिया भर के 700 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन शाम चार बजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे।

सम्मेलन में दुनिया भर से जुड़े 16 विषयों पर सामाजिक, धार्मिक संगठनों से जुड़े प्रमुख लोग चर्चा करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार शाम से जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतिनिधियों का आना शुरू हो गया।

सम्मेलन में भाग लेने पहुंचीं माता अमृतानंदमयी।

माता अमृतानंदमयी प्रसिद्ध भारतीय आध्यात्मिक गुरु और भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के लिए सिविल 20 एंगेजमेंट ग्रुप (सी-20) की अध्यक्ष का स्वागत चीफ एयरपोर्ट ऑफिसर विष्णु मोहन झा द्वारा गुलदस्ता भेट कर के किया गया। माता अमृतानंदमयी को सरकार ने स्टेट गेस्ट घोषित किया है और जेड सिक्योरिटी प्रदान की गई। कार्यक्रम मेक्सिको दूतावास के राजदूत फेडरिको सालास लोटफे भी शामिल होंगे।

दुनिया भर के नागरिक समाज संगठन, प्रसिद्ध संस्थानों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और जी-20 अधिकारी शामिल होंगे। इस शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे, जी-20 इंडिया के शेरपा अमिताभ कांत भी शामिल होंगे।

चर्चा के ये होंगे बिंदु

- मानवीय मूल्यों के रूप में मानवाधिकार
- वसुधैव कुटुंबकम
- शिक्षा और डिजिटल परिवर्तन
- लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण
- पर्यावरण के लिए जीवनशैली (जीवन)
- वित्तीय मुद्दों पर विशेष समिति
- विकलांगता, समानता, न्याय (डीईजे)
- एसडीजी 16+ और सिविक स्पेस को बढ़ावा देना

क्या है सी-20?

सिविल 20 (सी-20) एक संबद्धता समूह है, जो जी-20 समूहों में आता है। यह समूह नागरिक समाज संगठनों को अपनी चिंताओं एवं आकांक्षाओं को जी-20 नेताओं तक पहुंचाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। समूह जी-20 के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए दुनिया भर में 800 से अधिक नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को शामिल करता है। वर्तमान में सामाजिक परिवर्तन को लागू करने के लिए नागरिक समाज संगठन सर्वाधिक प्रभावी उपकरणों में शामिल हैं।

जरूरी खबर

दो पारियों में होगी वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को (माध्यमिक शिक्षा विभाग) के सामान्य ज्ञान के ग्रुप ए और बी की वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक एवं दोपहर 2:30 बजे से सांय 4:30 बजे तक दो पारियों में होगी। वहीं पेपर लीक के बढ़ते मामले को लेकर प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। वहीं परीक्षा के दौरान रोडवेज बसों में अभ्यर्थियों को निशुल्क यात्रा करने की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है।

हाउसिंग बोर्ड में 258 पदों के लिए छह हजार आवेदन

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल में करीब 30 सालों बाद 258 पदों के लिए सीधी भर्ती की जा रही है। आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि भर्ती के प्रति लोगों में उत्साह दिख रहा है। पिछले 10 दिनों में 6 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। शुक्रवार तक सहायक प्रोग्रामर के लिए कुल 243, परियोजना अभियंता कनिष्ठ 543, परियोजना अभियंता सिविल 1154, सूचना सहायक 465, कनिष्ठ लेखाकार 1463, कनिष्ठ प्रारूपकार 26, वरिष्ठ प्रारूपकार 46, परियोजना अभियंता विद्युत 343, कनिष्ठ सहायक 1308 और कनिष्ठ विधि अधिकारी के लिए 599 आवेदकों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थी 18 अगस्त तक विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट में रवि बने विजेता

जयपुर। जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट के तहत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का वीडियो बनाकर प्रदेशवासी लाखों का ईनाम जीत रहे हैं। शुक्रवार को जारी हुए 25 जुलाई के परिणाम में अनूपगढ़, श्रीगंगानगर के 23 वर्षीय रवि कुमार ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए जीते। दूसरे स्थान पर भैंसरोड़गढ़, चित्तौड़गढ़ की 28 वर्षीय शोभा रहीं। उन्होंने 50 हजार रुपए की ईनाम राशि प्राप्त की। शाहपुरा, भीलवाड़ा के 16 वर्षीय राधिका व्यास ने 25 हजार की ईनाम राशि जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही 100 प्रदेशवासियों को 1000 रुपए का प्रेरणा पुरस्कार भी मिला।

प्रधानमंत्री के दौरे पर कांग्रेस की बयानबाजी जारी, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने किया पलटवार

प्रदेश को कोई गारंटी नहीं देकर गए पीएम, जनता क्यों दे वोट?

■ राहुल गांधी की 9 अगस्त को मानगढ़ धाम में सभा

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीकर दौरे के बाद कांग्रेस की बयानबाजी लगातार जारी है। दरअसल, प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सभा के दौरान कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किए, जिसे लेकर कांग्रेस नेता भाजपा और पीएम पर पलवार कर रहे हैं।

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पीएम मोदी की सभा पूरी तरह से फेल रही और वह सिर्फ जनता को गुमराह करने आए थे। पीएम के दौरों की हकीकत को जानते हुए लोगों ने मोदी की सभा में जाने को लेकर उत्साह नहीं दिखाया। डोटासरा ने कहा कि पीएम मोदी हमारी गारंटी योजनाओं का मजाक बना रहे हैं और खुद की घोषणाओं को गारंटी बता रहे हैं। जबकि सच्चाई तो यह है कि वो राजस्थान को कोई गारंटी नहीं देकर गए, ऐसे में यहां की जनता भाजपा को क्यों वोट देगी। डोटासरा ने कहा कि सीकर सभा का प्रदेश की जनता पर कोई असर नहीं हुआ है। उनकी डबल इंजन की सरकार के दावे खोखले हैं। डोटासरा ने कहा कि लोगों को जातिगत जन गणना की गारंटी चाहिए थी। साल 2011 से 2015 में बीच में जो जनगणना हुई थी, उसे आंकड़े सार्वजनिक करें। 2021 में होने वाली जनगणना 2023 में भी चालू नहीं हुई, लोगों को इस बात की गारंटी चाहिए थी।

महंगाई कम करने के लिए मोदी सरकार क्या कर रही है, पीएम मोदी ने 2 करोड़ लोगों की नौकरी का वादा किया था, उन लोगों की नौकरी लगी या नहीं और कब तक लगेगी। चीन जो हमारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठा है, वो कब हटेगा। उनके भाषण में ऐसी कोई खास बात नहीं थी कि लोग भाजपा को जीताकर सरकार बनाएं।

मोदी के भाषण से प्रदेश को कुछ भी नहीं मिला

डोटासरा बोले कि अगर भाजपा चार राज्य हारी तो मोदी के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव बड़ा मुश्किल भरा होगा। मोदी के भाषण से प्रदेश को कुछ भी नहीं मिला, वो चुनावी सभा करके यहां से चले गए। मणिपुर मुद्दे पर डोटासरा ने कहा कि वहां हालात पूरी तरह बेकाबू हैं, लेकिन मणिपुर की भाजपा सरकार और केंद्र की मोदी सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। केंद्र सरकार ने अभी तक मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए कोई एक्शन नहीं लिया है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसी होती है डबल इंजन की सरकार? मोदी सरकार को मणिपुर के हालात पर एक्शन लेना चाहिए, ताकि मणिपुर में शांति व्यवस्था कायम की जा सके।

आदिवासी दिवस पर राहुल आएंगे बांसवाड़ा

आदिवासी दिवस 9 अगस्त को राहुल गांधी बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम आएंगे। जहां आदिवासी दिवस पर सभा कर आदिवासियों को कांग्रेस के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे। डोटासरा ने कहा कि प्रदेश के लोग मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की मांग करते हैं लेकिन पीएम मोदी ने वहां जाकर भी घोषणा नहीं की। अब राहुल गांधी की मौजूदगी में राज्य सरकार द्वारा मानगढ़ धाम के लिए विशेष घोषणा की जाएगी। जिसे राष्ट्रीय स्मारक तो घोषित नहीं कर सकते लेकिन उसके बराबर महत्व देने का काम कांग्रेस सरकार द्वारा किया जाएगा। गांधी की सभा से देश में परिवर्तन हुकांर भरी जाएगी।

भाजपा नेताओं ने गहलोत सरकार पर किया जुबानी हमला

लाल डायरी बनी चुनावी मुद्दा कांग्रेस को घेरने में जुटी BJP

■ कांग्रेस का कुशासन एक डायरी तक सीमित नहीं, पूरी लाइब्रेरी बन सकती है

■ केकड़ी में आत्मदाह के प्रयास के मामले में पूर्व मंत्री रघु शर्मा पर लगाए आरोप

बेधड़क | जयपुर

उदयपुरवाटी विधायक राजेंद्र गुढ़ा द्वारा उठाया गया लाल डायरी का मामला अब भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बन चुका है। भाजपा ने लाल डायरी को लेकर कांग्रेस को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। गौरतलब है कि पिछले दिनों पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने विधानसभा में लाल डायरी लहराकर कांग्रेस सरकार के काले कारनामे खोलने की बात कही थी। जिसे लेकर भाजपा विधानसभा चुनावों से पहले इसे मुद्दा बनाने में जुटी हुई है। इसी के साथ अजमेर के केकड़ी में डीएसपी ऑफिस के सामने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास करने वाले अशोक गौतम प्रकरण सहित प्रदेश में महिला अपराध, बिगड़ी कानून व्यवस्था और कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सांसद व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय से कांग्रेस पर आरोप लगाए।

राठौड़ ने आत्मदाह का प्रयास करने वाले युवक अशोक गौतम को लेकर कहा कि अशोक की मां ने आरोप लगाए हैं कि मेरे बेटे ने आत्मदाह नहीं किया, उसे घेरकर मारा गया है। अशोक गौतम माइंस

विधायक-मंत्री बिगाड़ रहे कानून व्यवस्था

कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के विधायक और मंत्री बिगड़ी कानून व्यवस्था के जिम्मेदार हैं। कांग्रेस सरकार का कुशासन लाल डायरी तक सीमित नहीं है, अब तो यह पूरी लाइब्रेरी बनाई जा सकती है। कांग्रेस के हर एक विधायक के काले कारनामों पर अलग से एक-एक लाल डायरी लिखी जा सकती है। जिस तरह इस सत्ता के काले कारनामे लाल डायरी में छिपे हैं।

किस बात से डर रहे कांग्रेस नेता: देवनानी

अजमेर से विधायक और जोधपुर के भाजपा संगठन प्रभारी वासुदेव देवनानी ने कहा कि लाल डायरी में कई राज छुपे हैं। विधानसभा के पटल पर डायरी को क्यों नहीं रखने दिया गया? कांग्रेस के लोग किस बात से डर रहे हैं। देवनानी ने कहा कि आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ डायरी लिखते थे, यह उन्होंने खुद बताया है।

बोतल से बाहर आया जिन्न

राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि लाल डायरी का जिन्न बोतल से बाहर आ गया है और अब यह रुकने वाला नहीं है। सदन की कार्रवाई से विधायकों को निलंबित करने को लेकर राठौड़ ने कहा कि वैसे तो विधानसभा अध्यक्ष का विशेषाधिकार है, लेकिन यह संसदीय परंपरा नहीं है। आपत्तिजनक शब्दों पर सदस्यों को निकाला जाता था, लेकिन इस तरह विधायकों को बाहर करना नियमों के विरूद्ध है।

'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान को लेकर बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यालय पर शुक्रवार को प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और भाजपा केन्द्रीय कार्यालय की टीम ने जिला कोषाध्यक्ष की बैठक ली। वहीं प्रदेश पदाधिकारियों ने "नहीं सहेगा राजस्थान'अभियान के तहत 1 अगस्त को जयपुर में होने वाले सचिवालय घेराव को लेकर बैठक की। जिसमें तय हुआ कि लाखों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता घेराव करेंगे। इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र में तैयारी कर और कांग्रेस सरकार के खिलाफ पत्रक बांटे जा रहे हैं।

आखिर उस डायरी में है क्या: सीपी जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि राजेंद्र गुढ़ा ने मेरी सरकार बचाई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि आखिर उस लाल डायरी में क्या है। प्रधानमंत्री जब-जब राजस्थान आते हैं, सीएम को क्या परेशानी होती है? जनता आज कांग्रेस का असली चेहरा जान चुकी है। आज विधायक कह रहे हैं कि हम सुरक्षित नहीं हैं। रीट की परीक्षा में सरकार ऊपर से नीचे तक सवालों के घेरे में है। मंत्री खुद की सरकार को भ्रष्ट बता रहे हैं, जनप्रतिनिधि कह रहे हैं कि जिन घोषणाओं के आधार पर हमने चुनाव जीता है, उसे पूरा नहीं किया।

प्रदेशाध्यक्ष की दो टूक

कांग्रेस में गए 6 विधायकों को बसपा में एंट्री नहीं

बेधड़क | जयपुर

बसपा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने शुक्रवार को बसपा से जीतकर कांग्रेस में शामिल हुए विधायकों को लेकर दो टूक बयान दिया है। बाबा ने कहा कि अब बसपा पहले की तरह गलती नहीं करेगी।

राजेंद्र गुढ़ा समेत 6 विधायकों को किसी भी कीमत पर बसपा पार्टी में शामिल नहीं करेंगे। पार्टी ने सभी 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है और इनमें से 60 सीटों पर वह पूरी तरह मजबूत है।

2023 में बीएसपी राजस्थान का सेंटर ऑफ पॉवर बनेगी और अगर समर्थन की जरूरत पड़ी तो अन्य दलों को वह सशर्त समर्थन देंगे। बाबा ने कहा कि राजेंद्र गुढ़ा का कोई स्टेंड नहीं है। वह एक जगह बोलते हैं तो दूसरी जगह बदल जाते हैं, अपनी बात पर कायम नहीं रहते।

अकेले चुनाव लड़ेगी पार्टी

बसपा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी राजस्थान विधानसभा चुनाव में किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले ही खुद के दम पर चुनावी मैदान में उतरेगी। इस बार बीएसपी विधायकों की खरीद फरोख्त नहीं होने देंगे। पार्टी की ओर से इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

निगम ने हटाया अतिक्रमण

जयपुर। जी-20 समिट के कारण नगर निगम हेरिटेज ने शुक्रवार को क्षेत्र में कई स्थानों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। निगम के दस्ते ने सबसे पहले परकोटे के बाजारों में कार्रवाई की। अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई के विरोध में त्रिपोलिया बाजार में व्यापारी विरोध में उतर आए और बाजार बंद कर दिया। हालांकि निगम अधिकारियों और पुलिस की समझाइश पर कुछ देर बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान फिर से खोले। इसके अलावा सोडाला इलाके में भी निगम दस्ते ने अतिक्रमण हटाए।

देवस्थान मंत्री ने बस को दिखाई हरी झंडी

पशुपतिनाथ के लिए यात्री रवाना

बेधड़क | जयपुर

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2023 के तहत श्रीगंगानगर के 100 वरिष्ठ नागरिकों को शुक्रवार को हवाई यात्रा के जरिए नेपाल के काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन के लिए रवाना किया गया।

देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने आमेर रोड स्थित बलदेव परशुराम धर्मशाला से यात्रियों की बस को दिल्ली के लिए रवाना किया। यात्रियों ने दिल्ली पहुंचकरदोपहर 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से काठमांडू के लिए उड़ान भरी। इससे पहले मंत्री रावत ने पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन के लिए जा रहे वरिष्ठ नागरिकों से बस में पहुंचकर बातचीत की।

सभी यात्रियों ने इस यात्रा के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद दिया। मंत्री रावत ने बताया कि इस वर्ष योजना के तहत तीर्थ स्थलों के दर्शनों के लिए 36 हजार वरिष्ठ नागरिक रेल यात्रा एवं 4000 वरिष्ठ नागरिक हवाई यात्रा करेंगे।

मालवीय नगर विधानसभा में लगाया एफआईआर कैंप

महिला मोर्चा ने विधायक आवास को घेरा

बेधड़क | जयपुर

बेधड़क, जयपुर। भाजपा "नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत प्रदेशभर में कांग्रेस को घेर रही है। इसी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने जयपुर में खाद्य मंत्री और सिविल लाइंस विधायक प्रताप सिंह खाचरियावास के सरकारी आवास पर थाली बजाकर प्रदर्शन किया।

हालांकि पुलिस ने मेट्रो स्टेशन के पास महिलाओं को बैरिकेड लगाकर रोक दिया, जहां पर महिलाओं और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। वहीं भाजपा अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चा ने अभियान के तहत दलित व आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचार को मुद्दा बनाकर मौन जुलूस निकाला और राज्यपाल के नाम जयपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इसके बाद मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में मालवीय नगर मंडल ने सत्कार शॉपिंग सेंटर पर और राजा पार्क मंडल ने पंचवटी सर्किल पर एफआईआर कैंप लगाए। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक कालीचरण सराफ ने किया। दोनों कैंपों में राज्य सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी की शिकायतें दर्ज कराई। इस अवसर पर जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा,पार्षद जय श्री गर्ग, हिमांशु जैन, महेश सैनी, लक्ष्मण नुनीवाल, पूर्व पार्षद देवेंद्र सिंह शंटी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हर वर्ग को राहत दे रही गहलोत सरकार

दस हजार किसानों को मिलेगा 21 करोड़ का अनुदान

■ लोक कलाकारों को मिलेंगे प्रोत्साहन कार्ड

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हर वर्ग को राहत पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सीएम गहलोत ने किसानों और लोक कलाकारों को सौगात दी है।

सीएम ने दस हजार किसानों को न्यू जनरेशन टेक्नोलॉजी ऑटो सेंसर्स और फर्टिगेशन के प्रयोग के लिए 75 प्रतिशत सब्सिडी देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। प्रस्ताव के अनुसार, किसानों को उन्नत तकनीक के प्रयोग के लिए लगभग 21 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इससे किसानों को अपनी भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इससे किसान तकनीकी रूप से सुदृढ़ हो सकेंगे और उनकी इनकम में भी बढ़ोतरी होगी। वहीं सीएम ने लोक कलाकारों को लोक कलाकार प्रोत्साहन कार्ड देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023 के तहत दिए जाएंगे। गहलोत ने वर्ष 2023-24 के बजट में प्रोत्साहन योजना लागू करने की घोषणा की थी।

इस योजना में लोक कलाकारों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 100 दिवस राजकीय उत्सवों, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और शिक्षण संस्थानों में कला प्रदर्शन के अवसर प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

राजस्थान हाईकोर्ट में 6 नए पद सृजित

सीएम गहलोत ने राजस्थान हाईकोर्ट में तकनीकी संवर्ग के पदों के पुनर्गठन करने को लेकर मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार 76 नए पदों का सृजन किया जाएगा। इन पदों में एनालिस्ट कम प्रोग्रामर के 2, सीनियर सिस्टम ऑफिसर के 5, सिस्टम ऑफिसर के 16 तथा सिस्टम असिस्टेंट के 53 पद शामिल हैं। इससे कोर्ट के संस्थापन शाखा में होने वाली तकनीकी समस्याओं का समय से समाधान किया जा सकेगा।

37 प्रकार की जांच मोबाइल मेडिकल वैन से

प्रदेशवासियों की एक्स-रे, ईसीजी, स्पाईरोमेट्री सहित 37 प्रकार की जांच अब मोबाइल वैन से होगी। चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीना ने शुक्रवार को अपने आवास से एक मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर अलवर जिले के लिए रवाना किया। यह मोबाइल मेडिकल वैन लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन, पुणे ने कॉर्पोरेट सोश्यल रिस्पोंसिबिलिटी के तहत चिकित्सा विभाग को प्रदान की है, जो प्रदेश में आमजन को गैर संक्रामक रोगों की जांच और परामर्श की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराएगी।

दवाओं पर लिमिट तय करना हास्यास्पद: आप

बेधड़क | जयपुर

आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव डॉ. मीनाक्षी जैदी ने शुक्रवार राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) में दवाइयों की लिमिट तय करने के सरकार के फैसले पर आपत्ति जताई है। जैदी ने कहा कि आरजीएचएस के लिए 26 जुलाई को जो कैपिंग का लेटेस्ट नोटिफिकेशन निकला है, उसमें सरकार ने दवा की लिमिट 1000 रुपए प्रतिदिन तय कर दी है।

कोई भी व्यक्ति गंभीर बीमारी होने पर ही अस्पताल में भर्ती होता है और दवा पर लिमिट लगाने से उसका इलाज संभव नहीं है। सरकार का यह फैसला हास्यपद है। आप की सरकार में दिल्ली और पंजाब में किसी भी तरह की कोई लिमिट नहीं है। इधर डॉक्टर विंग के जिलाध्यक्ष विभोर गुप्ता ने कहा कि सरकार का ये फैसला जनता को गुमराह करने वाला और जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। आईसीयू में सरकार 12 घंटे में 696 रुपए का पैकेज बना के दे रही है, इसमें सरकार ने कैपिंग लगा दी। जब मरीज आईसीयू में भर्ती होंगे और अगर पैसे नहीं मिलने पर डॉक्टरों ने वेंटिलेटर को बंद कर दिया तो उससे मरीज को नुकसान है। हमारी राजस्थान सरकार से मांग है कि वो अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करे।

जरूरी खबर

मुहर्रम आज कर्बला में सुपुर्दे खाक होंगे ताजिए

जयपुर। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम शनिवार को मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के कई इलाकों से ताजिए मातमी धुनों के बीच शहर में निकाले जाएंगे और रामगढ़ मोड़ स्थित कर्बला में सुपुर्दे खाक होंगे। शुक्रवार को पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में कत्ल की रात में विभिन्न इलाकों के इमामबाड़े से ताजिए यहां बड़ी चौपड़ पर पहुंचे। इसके बाद ताजिये को वापस से इमामबाड़ों में लाया गया। शनिवार को विभिन्न इलाकों से 400 से ज्यादा ताजिये जुलूस के रूप में निकाले जाएंगे। इनमें मोहल्ला महावतान, गुलजार मस्जिद, चांदपोल तफायफान, पन्नी गरान, नीलगरान, नालबंदान, हांडीपुरा, सिरकीगरान की मस्जिद के ताजिए विशेष हैं।

जेकेके में टाइगर फोटोग्राफी एग्जीबिशन आज

जयपुर। देश में बाघों के प्रति अवेयरनेस के लिए जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) की फोटोग्राफी एग्जिबिशन शुक्रवार को शुरू होगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि, मंत्री, प्रताप सिंह खाचरियावास, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड चेयरमैन पवन अरोड़ा, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, एस. नल्ला मुथू होंगे। जेटीएफ के सचिव, आशीष बैद ने बताया कि प्रदर्शनी में भारतीय वन सेवा अधिकारी, सुदर्शन शर्मा और रक्षा संस्था के फाउंडर रोहित गंगवाल द्वारा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर द्वारा खींची गई 100 से अधिक चयनित फोटोग्राफस प्रदर्शित की जा रही है। जेटीएफ संस्थापक धीरेंद्र के गोधा और संस्था अध्यक्ष संजय खवाड़ ने बताया कि प्रथम विजेता को 51 हजार, दूसरे को 31 हजार एवं तृतीय को 21 हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

ग्रेटर-हेरिटेज महापौर से स्वच्छता सर्वे पर खास बात, दोनों बोलीं- इस बार रैंक में सुधार की उम्मीद

निगम हम संभाल रहे, लोग साथ दें

नरेंद्र चतुर्वेदी.बेधड़क. जयपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 देशभर में शुरू हो गया है। किसी भी शहर के लिए ये सर्वेक्षण कितना जरूरी है, इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जयपुर की दोनों निगम की मेयर अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार दौरे कर रही हैं। अधिकारियों को भी सर्तक कर रही हैं। इसके अलावा आमजन से भी शहर की साफ सफाई को जागरूक होने की अपील कर रही हैं। हालांकि, उनकी ये मेहनत इस बार कितना रंग लाएगी। इस संदर्भ में दोनों ही महापौर ने दावा किया है कि इस बार जयपुर शहर की रैंक सुधरेगी, लेकिन नंबर आने की बात पर दोनों ही महापौर ने शंका जताकर बता दिया कि अभी भी हम जयपुर शहर को इंदौर जैसा साफ-सुथरा रख पाने में असमर्थ हैं। सच बेधड़क ने नौ सवालों के जरिए स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 को लेकर निगम के कार्य और कमियों पर जानी उनकी राय..

सौम्या गुर्जर: महापौर ग्रेटर

मुनेश गुर्जर: महापौर हेरिटेज

1 Q स्वच्छता सर्वेक्षण क्या है और इसकी क्या उपयोगिता है? इसकी जरूरत क्यों पड़ी?

A (सौम्या गुर्जर) शहरों को सफाई में रैंकिंग देने की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। इसका उद्देश्य साफ-सफाई को लेकर शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा बनाना था। इस सर्वेक्षण में नगर निगम के अलावा आमजन की भी परीक्षा है कि वे अपने शहर को कितना साफ रख पाते हैं। अच्छी रैंक वाले शहर को अनुदान भी मिलता है।

A (मुनेश गुर्जर) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 के लिए 'फील्ड असेसमेंट' का शुभारंभ किया। इस सर्वेक्षण में लगभग 3,000 मूल्यांकनकर्ता एक जुलाई से ही फील्ड असेसमेंट कर रहे हैं। इनमें जयपुर शहर को लेकर भी टीम के औचक निरीक्षण शुरू हो चुके हैं।

2 Q आपने इसके लिए कैसे मॉनिटरिंग की है। शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर कितने दौरे किए?

A (सौम्या गुर्जर) सभी जोन का तीन बार पैदल घूमकर दौरा किया है। अधिकारियों को साथ लेकर फील्ड में गई हूं। लोगों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। मौके पर जनसुनवाई कर समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया गया है।

A (मुनेश गुर्जर) रोज दो वार्डों का दौरा कर रही हूं। लोगों को जागरूक किया है। हमारी सफाई सखी भी लोगों से मिल शहर को साफ रखने के लिए प्रेरित कर रही है। अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। फील्ड में जाकर औचक निरीक्षण कर रही हूं।

3 Q सबसे मजबूत व्यवस्था आपको शहर के कौन से जोन में दिखी और इसके पीछे कारण क्या है?

A (सौम्या गुर्जर) वैसे सभी जोन में व्यवस्था अच्छी है, लेकिन मालवीय नगर और मुरलीपुरा जोन में हम ज्यादा मजबूत हैं। कारण वहां पर हम पिछले छह महीने से विभिन्न प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। आरएफडी के जरिए डोर टू डोर कचरा संग्रहण पर वाच रख रहे हैं। हूपर अब घरों तक जा रहे हैं।

A (मुनेश गुर्जर) वैसे तो हेरिटेज शहर में सभी जगह पर पर साफ-सफाई व्यवस्था अच्छी है, लेकिन हमारा पूरा फोकस फिलहाल परकोटे के बाजार हैं। वहां पर मशीनों के जरिए सफाई करवाई जा रही है, ताकि गंदगी का नामोनिशान नहीं रहे। इसके साथ ही सिविल लाइंस में भी अच्छी व्यवस्था है।

4 Q नालों की सफाई को लेकर आपने क्या कार्य किए हैं। अब तक कितने नालों की सफाई करवाई जा चुकी है?

A (सौम्या गुर्जर) मेरा कार्यकाल लगातार नहीं चल पाया। इसलिए समय से थोड़ा लेट है। पर फिर भी हमने 90% बड़े नालों की सफाई मानसून से पहले ही कर ली है। सफाई होने के बाद स्थानीय पार्षद की संतुष्टि के बाद ही ठेकेदार को पेमेंट किया जा रहा है।

A (मुनेश गुर्जर) पूरे क्षेत्र में 401 छोटे- बड़े नाले हैं। 90 प्रतिशत की सफाई हो चुकी है। इस बारिश में आप देखिए ज्यादातर नाले उफान नहीं मार रहे हैं। रामगढ़ मोड़ पर पहले कितना पानी भर जाता था, लेकिन मेरे कार्यकाल में नहीं भर रहा है।

5 Q बारिश में सड़कों पर जल भराव की स्थिति हर इलाके में बनती है। निगम ठोस प्रबंध क्यों नहीं कर पा रहा?

A (सौम्या गुर्जर) शहर में मैंने 59 स्थानों को चिह्नित कराया है, जहां पानी का भराव होता है। इनमें पांच ग्रेटर निगम, चार एनएचआईए और 50 स्थान जेडीए के अंतर्गत आ रहे हैं। इस समस्या पर एनएचआईए और जेडीए को एक सयुंक्त बैठक के लिए पत्र लिखा है। पांच स्थानों के लिए निर्देश हैं कि पानी भरने पर तुरंत मडपम्प से निकालें।

A (मुनेश गुर्जर) शहर में सड़कों का जाल बन गया है। फिर भी बरसात का पानी है, थोड़ा बहुत तो इकट्ठा हो ही जाता है, लेकिन ड्रेनेज व्यवस्था सहीं होने से घंटे भर में पानी उतर जाता है। हेरिटेज शहर है, बहुत सालों बाद अधिकतर जगहों पर सीवर लाइन बदली गई है। इससे व्यवस्था में सुधार आया है।

6 Q इन दिनों आपके दौरों को देख लोग कह रहे हैं कि जैसी मॉनिटिरिंग अभी हो रही है, वैसी रोज क्यों नहीं होती?

A (सौम्या गुर्जर) इसके लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मैं खुद भी क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर रही हूं। हमारे पार्षद भी सफाई व्यवस्था पर लगातार वाच रख रहे हैं। मैं यहां ढाई साल में दो बार हट गई थी, पहले मैंने अधिकारियों को टाइट किया था। बीच में सिस्टम धीमा हो गया था। अब हमारे अधिकारी-कर्मचारी फील्ड में चुस्त मिलेंगे।

A (मुनेश गुर्जर) मॉनिटिरिंग तो पहले भी होती रही है। जब ही तो अधिकारियों से टकराव हो जाता है। मेरे लिए जनता पहले है। मैंने साफ कह दिया है निगम को लेकर जनता की परेशानी कतई नहीं सहूंगी। सभी पार्षदों को कह रखा है कि अपने— अपने क्षेत्र में निगरानी रखें। कोई दिक्कत आएं तो बेहिचक मुझे बताएं।

7 Q अधिकारी और जनप्रतिनिधि के बीच सामंजस्य कैसा होना चाहिए, ताकि लोगों के काम सुगमता से हो सकें?

A (सौम्या गुर्जर) जनप्रतिनिधी को जनता चुनकर भेजती है, इसलिए लोगों को उम्मीद भी ज्यादा उनसे होती है। टकराव गलत प्रथा है। शहर के विकास के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को तालमेल बैठाना ही होगा।

A (मुनेश गुर्जर) जनप्रतिनिधी आमजन की आवाज होता है, उसे जवाब देना होता है। इसलिए अधिकारी को उससे तालमेल बैठाना चाहिए। आप देखिए मैं खुद जनता के हित के लिए अधिकारियों से लड़ चुकी हूं।

8 Q नगर निगम स्वछता सर्वेक्षण में आप सर्वेक्षण टीम में होते तो अपनी व्यवस्था को कितना नंबर देते।

A (सौम्या गुर्जर) हर कोई शहरवासी चाहता है कि उसका शहर टॉप करें, लेकिन इसके लिए निगम के साथ आमजन को भी भागीदारी निभानी होगी। नंबर का तो पता नहीं लेकिन इस बार ग्रेटर निगम रैंक में उछाल लेगा।

A (मुनेश गुर्जर) 100 में से 10 देना चाहूंगी। लेकिन कब, जब सिस्टम के साथ आमजन भी सहभागिता निभाए। जब दोनों साथ मिलकर साफ-सफाई पर ध्यान देंगे तो व्यवस्था में सुधार होगा ही, वह भी बहुत अच्छा।

9 Q स्वच्छता सर्वेक्षण में जनता से निगम की अपेक्षा क्या है? लोगों की इसमें क्या भागीदारी होनी चाहिए?

A (सौम्या गुर्जर) पूरी अपेक्षा है, ये शहर हमारा है तो स्वच्छ भी हम ही रखेंगे। एक हाथ से ताली कभी नहीं बजती, इसके लिए दोनों पक्ष को ही सफाई का ध्यान रखना पड़ेगा। सभी अपनी जिम्मेदारी समझें। कोई दूसरा कचरा फैला रहा है तो उसे टोकें। मुझे ट्वीट करें, मेल करें। पक्का मैं कार्रवाई करूंगी।

A (मुनेश गुर्जर) अपेक्षा तो आम जनता से बहुत है, लेकिन इस सबके साथ ही आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अपने घर-दुकान का कचरा हूपर में ही डालें। किसी भी प्रकार का सड़क पर कचरा नहीं फैंकें। रास्तों पर अतिक्रमण नहीं करें। ये सर्वेक्षण हम सबके लिए जरूरी है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।

किराए के घर में भगवान...पुराने रिटायर्ड, नयों का पता नहीं

सेवादारों का पता नहीं, कैसे हो पूजा

बेधड़क | जयपुर

चारदीवारी में मेट्रो के निर्माण के समय जबरन हटाए गए 12 मंदिरों में नियमित सेवा करने के लिए तत्कालीन जिला कलेक्टर ने देवस्थान विभाग के सेवादारों को लगाया था। इनके रिटायर्ड होने के बाद से ही इन मंदिरों में सेवा 'भगवान भरोसे' चल रही है। इसके बाद न तो देवस्थान विभाग ने इन मंदिरों की सुध ली और ना ही मेट्रो के अधिकारियों ने इनके पुर्नवास के प्रबंध किए। सामाजिक सहयोग से लोग पूजा पाठ करा रहे हैं।

दो मंदिरों का तो पता ही नहीं

मेट्रो निर्माण के समय चांदपोल सर्कल के पास बने पुराने पागलखाना और शिक्षा विभाग के भवन के नीचे स्थापित एतिहासिक विश्वपति महादेव मंदिर की मूर्तियों को हटाने के बाद कहां रखी गई इसका आज तक पता नहीं चला पाया। सामाजिक कार्यकर्ता भवानी शंकर ने बताया कि कई बार कलेक्टर और मेटो अधिकारियों का ज्ञापन दे चुके, लेकिन कोई जवाब नहीं आया।

> सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर मंदिरों का पुर्नवास नहीं करना चाहती है। कई बार सरकार को ज्ञापन दे चुके। सरकार को वापस प्राण-प्रतिष्ठा कर मूल स्थान पर लाना चाहिए। जल्द लोगों से मिलकर रणनीति तैयार कर आंदोलन किया जाएगा।

एडवोकेट भारत शर्मा, संरक्षक, धरोहर बचाओ समिति

पुलिस और जेडीए की करणी विहार थाना इलाके में संयुक्त कार्रवाई

हिस्ट्रीशीटर के अवैध निर्माण पर 'वज्र प्रहार'

बेधड़क | जयपुर

आपरेशन वज्र प्रहार अभियान से पुलिस अब अपराधियों का कमर तोड़ने में लग गई है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस और जेडीए ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करणी विहार थाना इलाके के हिस्ट्रीशीटर मंजूर उर्फ बाला के अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि गिरधारीपुरा कच्ची बस्ती निवासी हिस्ट्रीशीटर मंजूर के खिलाफ विभिन्न थानों में दस मामले दर्ज हैं। स्थानीय पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी गिरधारीपुरा कच्ची बस्ती में आवासीय भूखण्ड पर अवैध निर्माण कर व्यवसायिक गतिविधियां चला रहा है और इनकी आड़ में आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा है। इस पर पुलिस ने जेडीए के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया और अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। जेडीए के मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक धमेद्र यादव ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर ने समस्त सेटबैक कवर करते हुए जीरो सेटबैक पर ही करीब 2.5 फीट का छज्जा सड़क सीमा में निकाल दो मंजिल का अवैध निर्माण कर लिया था। इसके अलावा ग्राउंड फ्लोर पर अवैध दुकानें भी बना ली थी। इस पर जोन 7 की ओर से नोटिस भी दिया, लेकिन अतिक्रमी ने कोई भी अवैध निर्माण नहीं हटाया।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा से खास बातचीत

चुनाव लड़ने का अभी सोचा नहीं, परिस्थिति देखकर निर्णय लूंगा

नरेन्द्र दोतोलिया | बेधड़क

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने सरकार को भेजे इस्तीफे के बाद विधानसभा चुनाव की लड़ने तैयारी को लेकर चर्चा शुरू हो गई। शर्मा के अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही सरकार को इस्तीफा देने के बाद कई तरह के सवाल खड़े हो गए। शुक्रवार को शर्मा ने सच बेधड़क से खास बातचीत में ऐसे ही कई सवालों के जवाब दिए।

कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भेजा इस्तीफा

Q कर्मचारी चयन बोर्ड की आगामी भर्ती परीक्षा और आपके इस्तीफे को लेकर चर्चा चल रही है। आपने किस वजह से अपना इस्तीफा दिया है?

A मैं स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं कि मेरा कार्यकाल 7 अक्टूबर को पूरा हो रहा है और मैंने छात्रों के हित को दृष्टि रखते हुए राज्य सरकार को मेरा इस्तीफा भेजा है, क्योंकि अभी मेरा डेढ़ माह का समय शेष है और मेरे कार्यकाल तक कर्मचारी चयन बोर्ड का जो परीक्षा शेड्यूल जारी किया गया है। उसमें सिर्फ तीन परीक्षा ही आयोजित हो सकती हैं और बाकी 5 परीक्षाएं आयोजित नहीं हो सकती।

Q आपकी नियुक्ति 3 वर्ष के लिए की गई थी। समय से पहले इस्तीफा क्यों दे रहे हैं। क्या आप राजनीति में उतर रहे है?

A बोर्ड में नियुक्ति के समय 65 वर्ष या 6 वर्ष की नियुक्ति राज्य सरकार के द्वारा की जाती है। जिसमें मैं आगामी 7 अक्टूबर को 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर लूंगा। इसलिए मेरा कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि बोर्ड को जल्द से जल्द नया अध्यक्ष मिले। जिससे आगामी आठ भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण कर सके।

अब फुलेरा से विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा हुई तेज

Q 7 अक्टूबर पहले बोर्ड को नया अध्यक्ष मिल जाएगा क्या ? आगामी क्या रणनीति रहेगी और चुनाव कहा से लड़ेंगे?

A अभी इस विषय पर कोई विचार नहीं किया गया है और इस कार्यकाल का पूरा होने के बाद आगे की क्या परिस्थिति रहती हैं उस हिसाब से देख कर निर्णय किया जाएगा।

Q फुलेरा विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही है?

A राजनीति में चर्चा चलना स्वाभाविक बात है। मैंने अभी इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। जब तक बोर्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी है। उसके बाद और क्या आगे की रणनीति है, यह तो मैं बाद में बताऊंगा।

Q हाल ही में नकल माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए कानून में कठोर संशोधन किए गए हैं। अब पेपर लीक गिरोह पर क्या कार्रवाई होगी?

A नकल माफियाओं पर अब नए कानून से कार्रवाई पुलिस प्रशासन करेगा। नए कानून से अब नकल माफिया और पेपर गिरोह पर शिकंजा कस पर उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। बोर्ड की एक परीक्षा में पेपर किसी एक सेंटर से कुछ प्रश्न बाहर आए थे और बोर्ड की 101 परीक्षा में 100 परीक्षाओं को बोर्ड ने सफलतापूर्वक करवाई है।

छात्र ने पेट्रोल उंडेल कर की आत्मदाह की कोशिश

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के एक छात्र ने एचओडी से परेशान होकर शुक्रवार को कुलपति सचिवालय के बाहर खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की। छात्र ने विभाग के एचओडी पर प्रताड़ना और मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी नहीं करने का आरोप लगाया।

दरअसल विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के एक दर्जन से अधिक छात्रों को इंटरनल परीक्षा में फेल कर दिया गया था, जिससे उनके मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी नहीं हुए। उन छात्रों ने आरोप लगाया कि विभाग ने पूर्व सूचना दिए ही इंटरनल करवा दिए और उसी दिन स्टूडेंट्स का एसएससी का पेपर होने के कारण इंटरनल में शामिल नहीं हो पाए।

जरूरी खबर

कोटा जिले के आठ गांवों में बनेंगे सामुदायिक भवन

कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से कोटा के ग्रामीण क्षेत्रों में 6.92 करोड़ रुपए के विकास कार्य होंगे। जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग ने इसकी स्वीकृति जारी कर दी है। इन कार्यों में पार्क, बावड़ियों, स्कूल तथा खेल मैदानों के कार्य, सड़कें, ट्यूबवैल लगाने आदि के कार्य शामिल हैं। ग्राम बूढ़ादीत में 30 लाख, भगवानपुरा, सहरावदा, बड़ोदिया, राजपुरा, गंडावद व दुधली में 20-20 लाख तथा व करवाड़ में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवनों बनाए जाएंगे।

ई-रिक्शा चालक पर हमलाकर जीभ काटी, 6 टांके आए

अलवर। शहर के विजयनगर इलाके में गुरुवार रात को एक ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर रुपए लूटने का मामला सामने आया है। घटना में ई-रिक्शा चालक की ब्लेड से जीभ काट दी गई। उसे 6 टांके आए हैं। मोबाइल व 12 सौ रुपए भी लूट लिए। शहर के महताब सिंह का नोहरा निवासी ई-रिक्शा चालक अशोक कुमार के अनुसार गुरुवार रात दो बदमाश ई-रिक्शा किराए पर लेकर विजय नगर गए। वहां सुनसान जगह पर झगड़ा कर ई-रिक्शा चालक पर हमला कर दिया। एक जने ने ब्लेड से उसकी जीभ काट दी। वह करीब 6 घंटे तक वहां पड़ा रहा। सुबह 4 बजे होश आने पर घर आया। बदमाश मोबाइल और रुपए लेकर फरार हो गए।

टीम ने पांच जगह से जुटाए मावा पनीर के सैंपल

अलवर। जिले के खैरथल कस्बा में गुरुवार को नकली मावा, कलाकंद और पनीर कारोबारियों पर कार्रवाई की गई। जयपुर पुलिस ने पांच फैक्ट्री मालिकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई सीआईडी सीबी की ओर से की गई। सूचना पर खाद सुरक्षा अधिकारी दल भी खैरथल कस्बे में पहुंचा। इस दौरान विजय दूध डेयरी से स्वीट केक, अमन मिल्क प्रोडक्ट खैरथल से डोडा बर्फी और स्वीट केक, देवानंद मिल्क केक शॉप मंगली कॉलोनी खैरथल से डोडा बर्फी और कलाकंद, भगवानदास मिल्क शॉप संजय कॉलोनी से मिल्क केक और डोडा बर्फी, कामधेनु मिल्क प्रोडक्ट संजय कॉलोनी से मिल्क केक का नमूना लिया गया।

अनदेखी: प्रशासनिक लापरवाही के चलते पुनर्वास कॉलोनी में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ केन्द्र बदहाल

भवन में हादसे का डर, बच्चे आसमान तले पढ़ने को मजबूर

बेधड़क | झालावाड़

एक तरफ प्रदेश सरकार शिक्षा के ढांचे को सुद्रढ़ करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है वहीं अधिकारियों की लापरवाही इस प्रयास को सफल होने में अड़ंगा लगा रही है।

विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाने के भले ही लाख दावे किए जा रहे हो, लेकिन प्रदेश में प्राइमरी एजुकेशन के हालात उतने अच्छे नहीं हैं। ऐसे ही कुछ हालात पुनर्वास कॉलोनी में दिख रहे हैं। कनवाड़ा लघु सिचाई परियोजना अधिकारियों की लापरवाई के चलते इस इलाके में 8 वर्षों बाद भी स्कूल व आंगनबाड़ी भवन का निर्माण नहीं हो सका है। इसके चलते डूब क्षेत्र में स्थित पुराने जर्जर भवन में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित किया जा रहा है।

इसमें कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं संचालित हो रही है। बारिश के मौसम में इस जर्जर भवन में विद्यार्थियों के लिए खतरा बना हुआ है। इस भवन में छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले शिक्षक भी हादसे की आशंका से घिरे रहते हैं। विद्यालय भवन के सभी कमरों की छत व बरामदे की छत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। बरामदे की छत के कई हिस्से टूटकर गिर गए हैं। छत की का अधिकांश प्लास्टर झड़ चुका है। हालात ये हो चले हैं कि यह छत कब गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है। यह स्कूल सरकारी दावों को आईना दिखाने वाली है।

बारिश होते ही कर दी जाती है छुट्टी

छत में सीलन व पानी टपकने से विद्यालय भवन लगातार कमजोर हो रहा हैं। इन कमरों में विद्यार्थियों को बैठाना खतरे से खाली नहीं है। सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों की उदासीनता के आगे विद्यार्थी बेबस होकर मौत के साए में पढ़ने को मजबूर हैं। हादसे की आशंका के चलते स्कूल प्रशासन ने इन कमरों व बरामदे में बच्चों को बैठाना बंद कर दिया है। मैदान में खुले आसमान में बच्चों को पढ़ाया जा रहा हैं। जैसे ही बारिश आती हैं तो छुट्टी कर दी जाती है।

आंगनबाड़ी केन्द्र पर भी सन्नाटा

क्षेत्र का आंगनबाड़ी केंद्र भी बदहाल हो रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए खिलौने और पढ़ाई के लिए शिक्षण सामग्री उपलब्ध होती है। बच्चों की देख-रेख और उनके ज्ञानवर्धन की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पर होती हैं। क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भी जर्जर होने के चलते नौनिहालों को इसकी सुविधा नहीं मिल पा रही है। सुविधाओं के अभाव के चलते आंगनबाड़ी केंद्र पर सन्नाटा रहता है।

विभाग को अवगत कराया, लेकिन नहीं हुआ सुधार

विद्यालय प्राचार्य जगन्नाथ झाला ने बताया कि स्कूल प्रशासन ने शिक्षा विभाग के अफसरों को जर्जर भवन के बारे में कई बार अवगत कराया है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यालय भवन की हालत इतनी जर्जर हो गई है कि यहां बच्चों को बिठाने में भी डर लगने लगा है। इसके चलते भवन के बाहर खुले प्रांगण में शिक्षण कार्य कराने को मजबूर होना पड़ रहा है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख के मणिपुर हिंसा पर कड़े तेवर

भाजपा खुद के खिलाफ लाए अविश्वास प्रस्ताव: अखिलेश

बेधड़क | अजमेर

उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मणिपुर हिंसा की घटना को लेकर केन्द्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मणिपुर से जैसी तस्वीरें सामने आई हैं, उससे तो भाजपा को खुद अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी में प्रधानमंत्री के लिए कई चेहरे हैं, लेकिन भाजपा के पास कोई आप्शन नहीं है। सपा प्रमुख शुक्रवार को दरगाह जियारत के लिए अजमेर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव से पहले कई लोग पार्टी छोड़कर इधर-उधर जाते हैं। पिछले चुनाव में कई लोग हमारे साथ भी आए थे।

आगामी चुनाव से पहले कई लोग भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर भागेंगे और यह सिलसिला हर चुनाव में रहता है। यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की साख लगातार गिर रही है। ऐसे में वह नए चेहरे लाकर अपनी साख बचाना चाहती है, लेकिन इससे कुछ नहीं होगा। अखिलेश यादव का किशनगढ़ एयरपोर्ट पर पार्टी के नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला कड़ी सुरक्षा के बीच ख्वाजा हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर पहुंचा। खादिमों ने उन्हें दरगाह जियारत करवाई और तबर्रुक भेंट किया। इसके बात वे मीडिया से रूबरू हुए।

प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

अरदास लेकर आए दर पर

अखिलेश यादव ने ख्वाजा साहब की दरगाह जियारत के लिए आने पर कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार में वे अपनी अरदास लेकर आए हैं। यहां सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि बाबा का यह दरबार सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल है। यहां पर सभी धर्म और संप्रदाय के लोग आकर दुआएं करते हैं और बाबा से मनौतियां मांगते हैं। उन्होंने कहा कि वे पहले भी कई बार यहां आ चुके हैं।

इंडिया गठबंधन से डरी भाजपा

विपक्षी दलों के नए गठबंधन 'इंडिया' को लेकर पूछे गए सवाल पर अिखलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस गठबंधन से डरी हुई है। इसके चलते भाजपा के नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को याद करना चाहिए जब वे संसद में पहली बार आए थे तो उन्होंने सिर झुका कर देश के सम्मान की बात कही थी, लेकिन अब लगातार देश में बेटियों और महिलाओं के साथ अपमान हो रहा है यह सहन करने योग्य नहीं है। ऐसे में पूरा इंडिया एकजुट है और केंद्र सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

चेचट क्षेत्र की ताकदी नदी में हादसा

दो भाइयों को साथ ले गया नदी का तेज बहाव, तलाश जारी

बेधड़क | कोटा

जिले की रामगंजमंडी उपखंड के चेचट क्षेत्र की ताकली नदी का तेज बहाव गुरुवार को दो सगे भाइयों को अपने साथ बहा ले गया। मौके पर मौजूद युवकों के दो साथियों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। हादसे की सूचना के बाद मौके पहुंची पुलिस ने कोटा एसडीआरएफटीम की टीम को भी बुलाया। इसके बाद टीम ने दोनों युवकों की नदी में तलाश शुरू की।

मामला चेचट क्षेत्र के ढाणी गांव का है। युवकों के बहने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं तहसीलदार नीरज रावत और पटवारी सहित भारी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। एनडीआरएफ की टीम 2 किलोमीटर के एरिया में दोनो युवकों को सर्च किया। खबर लिखे जाने तक युवकों की तलाश जारी थी।

उधर ग्रामीण भी रस्सियों के सहारे नदी में उतर कर युवकों को तलाश करते रहे। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात करीब 10 बजे भरत केवट, महावीर केवट, कन्हैयालाल केवट और सूरज चारो शौच के लिए गांव के पास एनिकट पर गए थे। इसी दौरान नदी का बहाव तेज हो गया।

इसके चलते महावीर केवट और भरत केवट पानी के तेज बहाव में बह गए। हालांकि सूरज और कन्हैया लाल ने भी नदी में उतरकर दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने और तेज बहाव के चलते वे असफल रहे। दोनो युवक शादीशुदा हैं। महावीर केवट के तीन बच्चे भी हैं।

स्कूल के स्विमिंग पूल में छात्र चोटिल

अजमेर। जिले की संस्कृति स्कूल की सातवीं कक्षा का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में चोट लगने का मामला सामने आया है। छात्र दिल्ली के निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। छात्र के पिता नेवी में है। परिजन ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वैशाली नगर निवासी भागचंद रावत ने बताया कि वह नैवी से रिटायर्ड है और उसका बेटा विरेंद्र सिंह नेवी में पोस्टेड है। भागचंद रावत ने कहा कि 12 वर्ष का उसका पोता अधरित सिंह संस्कृति स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ता है। स्कूल में 24 जुलाई को उसके पोते के चोट लगी। स्कूल प्रशासन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। स्कूल की ओर से बताया गया कि स्विमिंग के दौरान छलांग लगाने से छात्र को चोट आई है। वहीं छात्र के दादा भागचंद रावत का कहना है कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से पोते को चोट आई है। उसे अब तक होश नहीं आया है तथा वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में स्कूल प्रबंधन का पक्ष भी जानने का प्रयास किया गया, स्कूल प्रशासन ने कोई जवाब नहीं दिया।

साइबर ठगों के खिलाफ CID-CB की बड़ी कार्रवाई

शातिर साइबर ठग को किया गिरफ्तार

बेधड़क | भरतपुर

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने भरतपुर जिले की थाना पहाड़ी पुलिस की सहायता से धोलेट गांव में दबिश देकर शातिर ठग निसार (24) पुत्र इरफान को डिटेन किया। जिसे साइबर ठगी के आरोप में थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 28 एटीएम, 9 पासबुक, 2 चेक बुक और 3 मोबाइल मिले है। जिसमे सेक्सटॉर्शन व ठगी से संबंधित सामग्री मिली हैं।

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल कमल सिंह को मिली सूचना के बाद पुलिस निरीक्षक श्री राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में एक टीम भरतपुर रवाना की गई।

एडीजी एमएन ने बताया कि भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा के सहयोग से शुक्रवार को सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम और थाना पहाड़ी पुलिस की टीम द्वारा संयुक्त रूप से धोलेट गांव में दबिश दी गई। जहां से स्थानीय निवासी साइबर ठग निसार को राउंडअप किया गया। आरोपी के पास से विभिन्न बैंकों के 28 एटीएम, 9 पासबुक, 2 चेक बुक और 3 मोबाइल मिले हैं। एडीजी ने बताया कि मोबाइल में किसी अन्य व्यक्ति के नाम की सिम लगी हुई है।

मोबाइल में तीन व्हाट्सएप, दो फर्जी ईमेल आईडी और इंस्टाग्राम आईडी मिली है। आरोपी युवतियों को सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर अश्लील चैटिंग करता था। बाद में वीडियो कॉल कर न्यूड कंटेंट बना ब्लैकमेल करता था। वहीं सस्ते दामों पर वाहन बेचने के नाम पर भी ठगी करता था।

सकल जैन समाज ने कहा- महावीर के संदेशों का हो सकेगा प्रसार

श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन पर जताई खुशी

बेधड़क | कोटा

सकल जैन समाज कोटा महानगर ने स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल का 'राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड' बनाने पर नागरिक अभिनंदन नयापुरा स्थित श्री उम्मेद क्लब में किया। सकल जैन समाज के 150 से अधिक संस्थाओं ने मंत्री धारीवाल को 21 किलो की माला, आभार पत्र, शॉल व तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया। जैन समाज ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

कोटा के सीएडी सर्किल पर बने कीर्ति स्तंभ के लिए जैन समाज ने मंत्री धारीवाल को साधुवाद दिया।

सकल जैन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास जैन अजमेरा ने कहा कि बोर्ड बनने से धर्म, साहित्य व संस्कृति को सहेजने की दिशा में सरकार का यह कदम एक बेहतर समाज का निर्माण करने में सहायक साबित होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जैन धर्म, जैन साधु संतों, जैन परंपराओं व साहित्य तथा धरोहरों को सहेजने की दिशा में एक अभिनव कदम है।

मुख्य संयोजक जेके जैन ने मंत्री धारीवाल से मांग करते हुए कहा कि कोटा से बिजोलिया जाते समय संतों को 10 किमी से अधिक का रास्ता तय करना पड़ता है। ऐसे में इस रास्ते में भूमि को चिह्नित कर सर्व समाजों के संतों के लिए आश्रय स्थल बनाए जाएं। इस पर मंत्री धारीवाल ने भूमि चिह्नित करने का आश्वासन दिया।

समारोह में राजमल पाटौदी, संरक्षक विपिन बाफना, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी,सकल जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता, मुख्य संयोजक जेके जैन व संयोजक रेखा हिंगड़ और अनिमेश जैन मंचासीन रहे।

प्रदेश के पहले मिनी फूड पार्क का किया शिलान्यास

काले कानून वापस नहीं लिए जाते तो बर्बाद हो जाते किसान: पायलट

बेधड़क | टोंक

पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि किसान देश की रीढ़ की हड्डी है। किसान वर्ग मंडियों से सीधा जुड़ा हुआ है। मंडी व्यवस्था को मजबूत करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार किसान विरोधी काले कानून लेकर आई। ये काले कानून वापस नहीं लिए जाते तो मंडी व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो जाती। किसान व्यापारी बर्बाद हो जाते। पायलट शुक्रवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

अध्यक्षता कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा ने की।

पायलट ने यहां प्रदेश के पहले मिनी फूड पार्क व सोनवा सहित लगभग 51 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास व शुभारंभ किया। साथ ही लाभार्थियों को चेक एवं आवंटन पत्रों का वितरण किया।

भाजपा से सावचेत रहने की जरूरत

पायलट ने कहा कि पिछले नौ सालों से केन्द्र की भाजपा सरकार कालेधन, महंगाई, बेरोजगारी को समाप्त नहीं कर पाई है। भाजपा के शासन में महंगाई चरम पर है। रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकारी एजेन्सियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा को जनता के मुद्दों की कोई चिंता नहीं है। कुछ महीनों बाद चुनाव होने वाले हैं। भाजपा के नेता लोगों को भ्रमित कर, विवादित बयान दे जनता की भावनाओं को भड़काकर वोट बटोरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों से सावचेत रहना है और देश-प्रदेश, किसानों, नौजवानों की प्रगति, खुशहाली के लिए केन्द्र व राज्य में कांग्रेस की सरकार बनानी है।

इन योजनाओं का किया शुभारंभ

- मिनी फूड पार्क, सोनवा में विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास (स्वीकृत राशि- 35.44 करोड़)
- वृद्ध निःशक्तजन आवास गृह निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि- 4.76 करोड़)
- गौण मण्डी सोहेला में इकुबेशन सेन्टर निर्माण कार्य का शुभारम्भ (स्वीकृत राशि- 2.78 करोड़)
- नीलामी चबूतरे को डोम से ढ़कने के कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि-1.66 करोड़)
- सौन्दर्यकृत आवक-जावक द्वार व सी.सी. रोड मय नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि-1.25 करोड़ रुपए)
- ग्राम फर्रूखाबाद से बिसनपुरा तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि- 1.12 करोड़ रुपए)
- बायो पेस्टीसाइड प्रयोगशाला निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि-90 लाख रुपए)
- ग्राम उटीटाना से खलीलपुरा पापड़ा (गुर्जरों की ढाणी) तक सम्पर्क सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि-74.20 लाख रुपए)
- ग्राम हरचन्देड़ा से मोहम्मदगंज तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि-62 लाख रुपए)
- पशु औषधि भंडारगृह निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि-50 लाख रुपए)
- मण्डी परिसर व गौण मंडी सोहेला में विभिन्न भवनों की मरम्मत का कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि-49.80 लाख रुपए)
- फल व सब्जी मण्डी में नीलामी चबूतरे को ढ़कने के कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत राशि- 49.20 लाख रुपए)

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर शहर में हुए विभिन्न कार्यक्रम

प्रकृति बचाने को बच्चों की पहल, अपने लगाए पौधे को दिया नाम

बेधड़क | जयपुर

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर द पैलेस स्कूल के हेरिटेज गार्जियंस ने शुक्रवार को पौधरोपण अभियान की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों ने गैटोर की छतरियों के पास अमलतास, गुलमोहर, पलाश, खेजड़ी, मोरिंगा, चंपा, हरसिंगार और अन्य स्वदेशी प्रजातियों के 100 से अधिक पेड़ लगाए। जयपुर राजरिवार की गौरवी कुमारी इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। गौरवी देवी की प्रेरणा पर बच्चों ने अपने लगाए हर पेड़ को एक नाम दिया जिससे उसके साथ उनका भावनात्मक लगाव विकसित हो। पैलेस स्कूल के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्या रमा दत्त ने भी हरित भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता के लिए छात्रों की प्रशंसा की। इस आयोजन को रोटरी क्लब जयपुर के सदस्यों का भी सहयोग रहा। प्राचार्या उर्वशी वर्मन ने कहा कि विरासत और प्रकृति के संरक्षण के लिए आगामी पीढ़ियों को जोड़ने का यह अटूट प्रयास है।

मानव जीवन के लिए जरूरी हैं प्राकृतिक संसाधन

बेधड़क | जयपुर

प्राकृतिक संसाधन मानव जीवन एवं पृथ्वी के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं। यह हमें भोजन, पानी, हवा और आश्रय प्रदान करते हैं। ये पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज एनवायर्नमेंट प्रोटक्शन एंड क्लाइमेट चेंज (CCONREP-CC) की ओर से 'फॉरेस्ट्स एंड लाइव्लीहुड्स : सस्टेनिंग पीपल एंड प्लैनेट' की थीम पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने ये विचार व्यक्त किए। राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यशाला में ग्लोबल वार्मिंग, पॉल्यूशन और विलुप्त होती प्रजातियों से बढ़ रहे पर्यावरण असंतुलन पर चर्चा हुई। कार्यशाला में CCONREP-CC की अध्यक्ष शैलजा देवल, डीएफओ रमेश, एसीएफ खुशबू मीणा, रेंजर पूजा शर्मा, विभागीय कार्मिक, रिटायर्ड मेजर जनरल आलोक राज, रिटायर्ड आईएफएस तेजवीर सिंह, देवेंद्र भारद्वाज, डॉ. सोनू, अर्चना मक्कड़, वैभव अग्रवाल, विभिन्न पर्यावरण विशेषज्ञ, विद्यार्थी एवं NGO संचालक उपस्थित रहे।

Yuva स्टोरीज

छात्राओं ने किया संविधान पार्क का भ्रमण |

जयपुर। कानोड़िया पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने शुक्रवार को राजभवन में नवनिर्मित संविधान पार्क का का भ्रमण किया। पार्क में मूर्तियों और कलाकृतियों के जरिये संविधान से जुड़ी जानकारी अनोखे अंदाज में दर्शाई गई है जिसे देखकर छात्राएं प्रभावित हुई। पार्क में नालंदा विश्वविद्यालय, अकबर का दरबार, रानी लक्ष्मीबाई, टीपू सुल्तान, महाराणा प्रताप और चेतक आदि को मूर्ति कला के जरिए दर्शाया गया है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि 25-25 छात्राओं का दल हर सप्ताह संविधान पार्क भ्रमण के लिये जाएगा। इस भ्रमण में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा सिंह लवानिया एवं प्राध्यापिकाएं डॉ. निमिषा गौड़ व डॉ. स्वाति ने छात्राओं को संविधान से जुड़े रोचक तथ्यों के बारे में जानकारी दी।

पेंडिंग फाइल्स के शीघ्र निस्तारण की मांग |

जयपुर। शिक्षक नेता व कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री विपिन प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक नेताओं ने शुक्रवार को आरपीएससी सचिव से मुलाकात कर आरपीएससी के पास पेंडिंग फाइलों का निस्तारण करने की मांग की। शिक्षा विभाग में शैक्षिक (राज्य एवं अधीनस्थ) शिक्षा सेवा नियम संशोधन की फाइल आरपीएससी में संशोधन अनुमोदन हेतु विचाराधीन है। शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति नए नियमों के कारण अटकी हुई है। उप प्राचार्य पदोन्नति, विशेष शिक्षा के व्याख्याता के पद सृजन एवं विशेष शिक्षक द्वितीय श्रेणी के लिए शिक्षा विभाग के लगभग छः संशोधनों की फाइल आरपीएससी में पेंडिंग चल रही है। इस दौरान विशेष शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, पदौन्नति संघर्ष समिति के संरक्षक मुकेश मीणा, अध्यक्ष रामकेश मीणा, कृष्ण बैंसला, राज शर्मा आदि मौजूद थे।

कॉलेज स्टूडेंट्स को टैली की ट्रेनिंग देंगे एक्सपर्ट्स

बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर स्थित पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के स्टूडेंट्स को टैली सॉल्यूशन्स की ओर से टैली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। टैली सॉल्यूशन्स और पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के बीच इस संबंध में शुक्रवार को एक एमओयू साइन किया गया। संस्थान के स्टूडेंट्स को टैली का प्रशिक्षण यूनिक कम्प्यूटर्स की ओर से दिया जाएगा। दोनों संस्थाओं के बीच एमओयू का मुख्य उद्देश्य कॉलेज स्टूडेंट्स को ग्रेजुएशन के दौरान टैली सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण देना है, जिससे वे आने वाले समय मे टैली से जुड़ी अपार रोजगार संभावनाओं को प्राप्त कर सकें।

कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि इन्वेंट्री मैनेजमेंट, जीएसटी, टीडीएस, टीसीएस लेनदेन और आयकर के साथ पेरोल प्रबंधन जैसे विभिन्न कामों के लिए टैली का उपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है। उन्होंने बताया कि कॉलेज की ओर से स्टूडेंट्स के लिए इस सत्र में एप्पल, बॉश, बजाज फिनसर्व, आईसीटी अकादमी, प्रोग्रामर्स डॉट आईओ, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस, फ्यूल अकादमी, यूपीएक्सओ, यूआई पाथ, जीटीटी फाउंडेशन और टैली सॉल्यूशंस जैसी कंपनियों के साथ एमओयू किया गया है।

यहां स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग व इंटर्नशिप के साथ ही प्लेसमेंट के अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग के क्रिडेंशियल्स स्टूडेंट्स की प्रोफाइल में वैल्यू एडिशन करेंगे। एमओयू के दौरान पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के डॉ. आनंद पोद्दार, अनुपम जैन, प्रवीण गोस्वामी, सुनील कक्कड़, वसीम अली, जेनु थॉमस समेत दोनो पक्षों से प्रतिनिधि उपस्थित थे।

एमएनआईटी में जुटेंगे तकनीक के महारथी

तकनीकी प्रतिभा दिखाने का मंच देगा 'हैकथॉन'

बेधड़क | जयपुर

देशभर के आईटी से जुड़े स्टूडेंट्स के लिए अपनी प्रतिभा को मंच देने का एक बड़ा अवसर आया है। एमएनआईटी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग हैकथॉन की घोषणा की है जिसका आयोजन 4 से 8 सितंबर तक होगा। इसका ग्रेंड फिनाले 7 सितंबर को होगा। अपनी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता को मंच देने के इच्छुक कॉलेज स्टूडेंट्स इस हैकथॉन में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त है। हैकथॉन के पैट्रन एमएनआईटी निदेशक प्रो. एन पी पाढ़ी ने बताया कि इस हैकथॉन में पूरे भारत से ऐसे स्टूडेंट भाग ले सकते हैं जो किसी भी कॉलेज में पढ़ रहे हों। हैकथॉन का उद्देश्य कॉलेज स्टूडेंट्स की समस्या-समाधान क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए मंच उपलब्ध कराना और उनकी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देना है। सीएसई और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागों से डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी और डॉ. प्रेरणा जैन इस हैकथॉन की जनरल चेयर हैं।

सॉल्यूशन डवलपमेंट है लक्ष्य

हैकथॉन में भाग लेने वाले छात्र स्वास्थ्य देखभाल, परिवहन, कृषि, मोबाइल एप्लिकेशन और उपयोगिताओं जैसे क्षेत्रों को शामिल करते हुए रोमांचक समस्या विवरणों पर काम कर सकते हैं। अंतर-विषयक सहयोग और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करके हैकथॉन का लक्ष्य ऐसे सॉल्यूशन्स के विकास में तेजी लाना है जो सकारात्मक सामाजिक प्रभाव डाल सकें और भारत की तकनीकी प्रगति में योगदान दे सकें। प्रतिभागियों को हैकथॉन में विशेषज्ञों से मूल्यवान सलाह और उद्योग विशेषज्ञों के साथ नेटवर्किंग के अवसर मिलेंगे।

एक्टिविटीज से स्टूडेंट्स का होगा स्किल डवलपमेंट

यह हैकथॉन इंजीनियरिंग, सामाजिक विज्ञान और अनुसंधान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर समर स्कूल का एक ऐड-ऑन कार्यक्रम है। यह आईईईई कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस सोसाइटी ऑफ यूनाइटेड द्वारा प्रायोजित है। वरिष्ठ स्नातक, स्नातक छात्र, संकाय, पोस्टडॉक्स और एआई/एमएल में रुचि रखने वाले युवा शोधकर्ता इसमें भाग ले सकते हैं। इसमें न केवल अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञों के व्याख्यान शामिल होंगे बल्कि पैनल चर्चा, औद्योगिक दौरे आदि भी शामिल होंगे जिससे प्रतिभागियों की स्किल्स डेवलप होंगी।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में फेलिसिटेशन प्रोग्राम आयोजित

इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को एक्सपर्ट्स ने दी इंग्लिश ट्रेनिंग

बेधड़क | जयपुर

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस की ओर से शुक्रवार को इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए चलाए जा रहे इंग्लिश लैंग्वेज प्रोग्राम की फेलिसिटेशन सेरेमनी आयोजित की गई। इंग्लिश लैंग्वेज प्रोग्राम में आइवरी कोस्ट, सूडान, नाइजीरिया, कैमरून और अन्य देशों के स्टूडेंट्स शामिल हुए।

फेलिसिटेशन सेरेमनी में अफ्रीकन एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स ऑफ इंडिया (एएएसआई) के प्रेसीडेंट डॉ. लवन बुलामा विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने स्टूडेंट्स को पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रभावी नेटवर्किंग के लिए प्रोत्साहित किया। यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल रिलेशंस डिपार्टमेंट की डीन डॉ. स्वाति गोखरू ने स्टूडेंट्स के लिए यूनिवर्सिटी के माय बडी प्रोग्राम, ईएलपी प्रोग्राम, हिंदी वर्कशॉप, ट्यूटोरियल सपोर्ट, मंथली मीटिंग तथा ओपन फोरम जैसी पहलों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी, प्रो प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता और रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी ने भी स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया।

उन्होंने इंटरनेशनल स्टूडेंट्स की उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किए। कोऑर्डिनेटर अली, अब्दुल्ला, एस्टेले व मार्क ने इस प्रोग्राम का सफलतापूर्वक समन्वय किया।

दीपशिखा कॉलेज में कोर्स लॉन्च सेरेमनी कल

डिजिटल मार्केटिंग के प्रोफेशनल कोर्स होंगे शुरू

बेधड़क | जयपुर

दीपशिखा कॉलेज में 30 जुलाई से डिजिटल मार्केटिंग में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत होगी। मुंबई के ऑस्ट्रेलिया बेस्ड डिजिटल मार्केटिंग एजुकेशन इंस्टीट्यूट एडरप्ट और यूनिवर्सिटी ऑफ टैक्नोलॉजी के बीच हुए एमओयूके तहत यह कोर्स शुरू किया जा रहा है।

संभवतया राजस्थान में डिजिटल मार्केटिंग में यह पहला कोर्स होगा। दीपशिखा कॉलेज से वीबी जैन ने बताया कि कोर्स की लॉन्चिंग सेरेमनी 30 जुलाई सुबह 10 बजे दीपशिखा कॉलेज परिसर स्थित निर्मल सुरणा ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के चेयरमेन एडवोकेट डॉ. प्रेम सुराणा, वाइस चेयरमेन डॉ. अंशु सुराणा, एडरप्ट के एम डी जुबेर शेख, लोकेश दवे और फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल सहित कई विशिष्ट लोग और संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है।

दीपशिखा ग्रुप ऑफ कोलेजेज की निदेशक डॉ. रीता बिष्ट ने बताया कि नए शुरू हो रहे डिजीटल मार्केटिंग कोर्स को ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन भी जॉइन किया जा सकेगा। एडरप्ट के निदेशक लोकेश दवे ने बताया कि डिजीटल मार्केटिंग कोर्स से ऑस्ट्रेलिया में जॉब करने के अवसर होंगे। ये कोर्सेज शत प्रतिशत रोजगार गारंटी देंगे।

स्टूडेंट्स ने दिखाया तैराकी का हुनर |

जयपुर। टैगोर इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर की ओर से आयोजित जिला स्तरीय श्री दीपक राठौड़ स्मृति अंतर विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने अपना तैराकी का हुनर दिखाया। प्रतियोगिता में 33 स्कूलों के 350 से अिधक बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में टैगोर इंटरनेशनल स्कूल से प्रखर शर्मा, शौर्य पूनिया व पार्थ और एमजीडी स्कूल से श्रेया रावत, आद्या ब्रजेश, समृद्धि और रुकमणी सिंह ने शानदार प्रदर्शन से अपने स्कूल के खाते में जीत डाली। ओवरऑल टीम चैम्पियनशिप का अवॉर्ड बॉय्ज कैटेगरी में टैगोर इंटरनेशनल व गर्ल्स कैटेगरी में एमजीडी को दिया गया। स्कूल प्रिंसिपल कमल राठौड़ ने विजेताओं को अवॉर्ड दिए।

काउंसलिंग | स्टेट कोटा सीट मैट्रिक्स जारी, चॉइस फिलिंग शुरू

राजस्थान में MBBS की 4709, BDS की 1292 सीट

बेधड़क | कोटा/जयपुर

राजस्थान नीट यूजी मेडिकल एंड डेंटल एडमिशन काउंसलिंग बोर्ड जयपुर की ओर से राजस्थान मेडिकल एवं डेंटल कॉलेज की सीट मैट्रिक्स जारी कर दी गई है। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि सीट मैट्रिक्स कैटेगिरी के अनुसार जारी की गई है।

राजस्थान में एमबीबीएस की सरकारी व निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की 4709 तथा डेंटल कॉलेज की 1292 सीटों की घोषणा की गई है। एमबीबीएस के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों की 3219 सीटें हैं, जिसमें फ्री सीट 2058, पेमेंट सीट 780 एवं एनआरआई कोटे की 381 सीटें शामिल हैं। वहीं प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में कुल 1490 सीटें हैं, जिनमें कॉमन सीट 1261 और मैनेजमेंट कोटा सीट 229 हैं।

इसी प्रकार प्रदेश के सरकारी डेंटल कॉलेजों में 42 सीटें, प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में 1085 कॉमन सीट तथा 165 मैनेजमेंट सीट शामिल हैं। मिश्रा ने बताया कि सीट मैट्रिक्स जारी करने के साथ ही चॉइस फिलिंग भी शुरू हो गई हैं। सीट अलॉटमेंट 4 अगस्त से शुरू हो जाएगा।

प्राइवेट के लिए डिपॉजिट 2 लाख रुपए

वेबसाइट पर जारी निर्देशों के अनुसार सामान्य तथा सामान्य ईडब्ल्यूएस श्रेणी के स्टूडेंट्स के लिए सरकारी एमबीबीएस व बीडीएस की काउंसलिंग सिक्योरिटी डिपॉजिट 10 हजार रूपए तथा प्राइवेट मेडिकल में काउंसलिंग सिक्योरिटी डिपॉजिट 2 लाख रुपए रखी गई है। इसके साथ ही एसटी, एससी, ओबीसी, एमबीसी की सरकारी एमबीबीएस व बीडीएस की काउंसलिंग सिक्योरिटी डिपॉजिट फीस 5 हजार रूपए तथा प्राइवेट मेडिकल के लिए 2 लाख रुपए रखी गई है। प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में बीडीएस कोर्स के लिए काउंसलिंग सिक्योरिटी डिपॉजिट फीस 10 हजार रुपए रखी गई है। विद्यार्थी काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फीस जमा करने के बाद ही अपनी इच्छित च्वाइस भर सकेंगे।

31 जुलाई को ऑटोलॉक हो जाएंगी चॉइस

पारिजात मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थी अपनी इच्छित चॉइस भरते समय संबंधित कॉलेज की फीस का अवलोकन भी जरूर करें। विद्यार्थियों द्वारा सब्मिटेड चॉइस 31 जुलाई शाम 5 बजे ऑटोलॉक हो जाएगी। प्रथम राउंड के अलॉटमेंट की सूचना 4 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके बाद 5 से 8 अगस्त के मध्य ऑनलाइन अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सकेंगे। अलॉटमेंट जारी होने के बाद ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज अलॉट हुआ है, उन्हें 5 से 8 अगस्त के मध्य एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर में अपने ओरिजिनल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थिति देनी होगी। सरकारी डेंटल, प्राइवेट मेडिकल एवं प्राइवेट डेंटल कॉलेज अलॉटमेंट वाले स्टूडेंट्स को 5 से 8 अगस्त के बीच आरयूएचएस डेंटल कॉलेज जयपुर में ओरिजिनल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थिति देनी होगी।

राजस्थान: विधानसभा चुनावों के लिए समीकरण साधने की जुगत

डायरी का शोर, जातियों का जोर

गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और आजकल राजनीतिक हल्कों में बस एक ही सवाल तैर रहा है, क्या इस बार रिवाज बदलेगा या वही पुरानी कहानी दोहराई जाएगी? एक बार कांग्रेस व एक बार भाजपा! मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रिवाज बदलने और अपनी सरकार को रिपीट करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। नई रणनीति और व्यूह रचना बन रही है। शासन तंत्र और सामाजिक ताने-बाने में साख बढ़ाने के नए प्रयोग हो रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा वापसी की तैयारी में जुटी है। संगठन में बदलाव किया गया है और सामाजिक समीकरणों को धार दी जा रही है।

भाजपा कांग्रेस के एक मजबूत वोट बैंक में सेंध लगाने में पिछले दो-ढाई दशकों से जुटी है और वह कुछ हद तक सफल भी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शेखावाटी अंचल के दौरे से पहले पूर्व मंत्री सुभाष महरिया की भाजपा में वापसी, पंजाब में सुनील जाखड़ का भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनना और कुलदीप बिश्नोई को राजस्थान का सह प्रभारी बनाया जाना व कई पूर्व नौकरशाहों को भाजपा से जोड़ना, पार्टी की दूरगामी रणनीति और व्यूह रचना का ही हिस्सा हैं। साफ है सत्ता की दावेदार दोनों पार्टियां अपनी अपनी रणनीति बनाने और मोर्चाबंदी में लगी हैं और इस सियासी मोर्चाबंदी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान के दौरे हो रहे हैं। उनके हाल के राजस्थान दौरों के पीछे के सियासी संदेश साफ हैं। वे पहले मानगढ़ धाम आए, फिर गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण के अवतरण दिवस पर भीलवाड़ा के दौरे पार आए। भाजपा ने उनके दौरे के माध्यम से एक बड़े समूह के साथ सियासी रिश्ता मजबूत करने का प्रयास किया। क्योंकि इन वर्गों की राजस्थान में बड़ी राजनीतिक भागीदारी है। पीएम फिर बीकानेर दौरे पर आए और गुरुवार को वे शेखावाटी अंचल के दौरे पर थे। कांग्रेस के गढ़ में खड़े होकर उन्होंने भाजपा के लिए आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सियासी लाइन तय की। उन्होंने प्रदेश को कई सौगातें दीं और किसानों के साथ सीधे तार जोड़े । भाजपा की राजस्थान में चुनावी रणनीति में किसान यानी खेतीहर जातियां सबसे अहम फैक्टर हैं और भाजपा उनको साध रही है। राजस्थान की राजनीति आठ-दस वोट-बली जातियों के चारों ओर घूमती है। वे अपने संख्या बल से चुनाव नतीजों को प्रभावित करती हैं। इसलिए सियासी समीकरण भी उनके आसपास ही बनते रहे हैं।

जाट, राजपूत, ब्राह्मण, वैश्य, गुर्जर, अनुसूचित जाति व जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग ये बड़े राजनीतिक किरदार हैं। इनके अलावा दो तीन और जातियां हैं जो राजनीतिक रूप से अन्य शेष जातियों की तुलना में अधिक जागरूक हैं और जिनकी एक स्थान विशेष में मजबूत सामाजिक उपस्थिति है, इसलिए उनकी भागीदारी भी हर पार्टी के लिए अहम है। शेष अन्य जातियों के पास न इतना संख्या बल है और ना ही सामाजिक संगठन व अर्थ बल इतना मजबूत है कि वे अपने बूते पर चुनावी समीकरण बदल दें। इसलिए पीएम मोदी के प्रदेश के दौरों में भाजपा की चुनावी तैयारी और जातीय समीकरण साधने की चेष्टा साफ नजर आती है। पार्टी के पास पीएम मोदी के रूप में बड़ा सियासी चेहरा है और वह अपने अनुकूल सामाजिक समीकरण गढ़ रही है। कांग्रेस में सीएम गहलोत राज्य में मुख्य सियासी चेहरा बने हुए हैं और हाल ही में हुई संगठनात्मक नियुक्तियों के जरिए पार्टी सियासी समीकरण भी साध रही है। तो क्या राज्य में इस बार चुनाव वोट बली जाति बनाम वोट बली जाति के समीकरणों पर केंद्रित रहेगा या चेहरा बनाम चेहरे पर दांव लगेगा? फिलहाल आसार इसी बात के हैं कि जाति और चेहरा दोनों के गठजोड़ पर जोर रहेगा। इसका मतलब यह नहीं है कि शासन प्रशासन की बात नहीं होगी।

> “पीएम मोदी के प्रदेश के दौरों में भाजपा की चुनावी तैयारी और जातीय समीकरण साधने की चेष्टा साफ नजर आती है। पार्टी के पास पीएम मोदी के रूप में बड़ा सियासी चेहरा है और वह अपने अनुकूल सामाजिक समीकरण गढ़ रही है। कांग्रेस में सीएम गहलोत राज्य में मुख्य सियासी चेहरा बने हुए हैं और हाल ही में हुई संगठनात्मक नियुक्तियों के जरिए पार्टी सियासी समीकरण भी साध रही है। तो क्या राज्य में इस बार चुनाव वोट बली जाति बनाम वोट बली जाति के समीकरणों पर केंद्रित रहेगा या चेहरा बनाम चेहरे पर दांव लगेगा? फिलहाल आसार इसी बात के हैं कि जाति और चेहरा दोनों के गठजोड़ पर जोर रहेगा।”

> *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपनी जनसभा में लाल डायरी को लेकर तीखे प्रहार किए। पीएम मोदी ने सभा में कांग्रेस को लूट की दुकान बताया और कहा कि लाल डायरी इसका ताजा प्रोडक्ट है। उन्होंने कहा, लोग कहते हैं, इसमें कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। इसके पन्ने खुलेंगे तो अच्छे अच्छे निपट जाएंगे। साफ है जब चुनाव प्रचार गति पकड़ेगा तो भ्रष्टाचार के सवाल भी खूब उछलेंगे।*

इसमें तरकश किसी का भी खाली नहीं है। मुख्यमंत्री गहलोत चिरंजीवी भव और पेंशन बली हैं तो भाजपा भी केंद्रीय योजनाओं का सहारा ले सकती है, लेकिन प्रदेश में इन दिनों गहलोत सरकार एक और सामाजिक व सियासी नवाचार कर रही है। सामाजिक पहचान को मजबूत करने वाले बोर्ड दर बोर्ड बनते जा रहे हैं। इनमें समर्थ समाजों के बोर्ड भी हैं और वंचित समाजों के भी हैं। उन समाजों के लिए भी बोर्ड बन रहे हैं जिनके पास न मजबूत सामाजिक संगठन हैं और ना प्रभावी राजनीतिक नेतृत्व है। उनको अब जोड़ा जा रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या ये बोर्ड अगले चुनाव में वोटों में तब्दील हो सकते हैं? क्या सत्तारूढ पार्टी इसके लिए जरूरी सियासी मार्केटिंग कर इस पहल को वोट के धरातल पर ले जा पाएगी? घोषणाओं के फाइलों से उतरकर धरातल पर पहुंचने पर ही कोई सकारात्मक असर पड़ सकता है और उसके लिए प्रशासनिक व सियासी मेहनत की जरूरत होगी। अगले तीन चार महीनों में कांग्रेस संगठन कितना सक्रिय रहता है और धरातल पर क्या काम करता हैं, वोटों की फसल काटना इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। कहावत भी है कि बूंद बूंद से घट भरता है, वैसे ही छोटे-छोटे समाज जुड़ने पर एक बड़ा वोट बैंक बनता है, लेकिन इसके लिए सियासी जुगत और जुड़ाव पालना होगा।

इन सभी बातों के इतर एक बात और है, इन बोर्डों से तात्कालिक रूप से भले ही वोटों की फसल कटे या न कटे यदि ये धरातल पर उतरते हैं तो दूरगामी नतीजा यह होगा कि उन तबकों में भी नेतृत्व विकास का माहौल बनेगा जो अब तक इससे वंचित हैं। साथ ही उनकी सियासी भागीदारी भी बढ़ेगी। इनमें बहुत सी जातियां अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं। राजस्थान की राजनीति उत्तर प्रदेश या बिहार की तरह उस सियासी मोड़ पर नहीं पहुंची है, जहां ओबीसी में शामिल कई जातियां अपनी सुविधानुसार गठबंधन का गणित ढूंढ़ती रहती हैं। राजस्थान की राजनीति में केवल जाति आधारित दल अभी प्रभावी नहीं हैं। इसलिए यहां बड़े स्तर इस तरह के प्रयोग की संभावना नहीं है। फिलहाल राजस्थान की राजनीति में नया प्रयोग लाल डायरी का होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपनी जनसभा में लाल डायरी को लेकर तीखे प्रहार किए। पीएम मोदी ने सभा में कांग्रेस को लूट की दुकान बताया और कहा कि लाल डायरी इसका ताजा प्रोडक्ट है। उन्होंने कहा, लोग कहते हैं, इसमें कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। इसके पन्ने खुलेंगे तो अच्छे अच्छे निपट जाएंगे। साफ है जब चुनाव प्रचार गति पकड़ेगा तो भ्रष्टाचार के सवाल भी खूब उछलेंगे। कटाक्ष होंगे और कई नेता सवालों के कठघरे में होंगे।

गहलोत सरकार में राज्यमंत्री राजेंद्र गुढ़ा की मंत्रिमंडल की बर्खास्तगी के साथ चर्चा में आई लाल डायरी की अब हर कोई अपने-अपने हिसाब से व्याख्या कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल डायरी के साथ ही प्रदेश की कानून व्यवस्था, गैंगरेप, पेपरलीक, किसानों की कर्जमाफी आदि मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। इससे साफ है कि राजस्थान में चुनाव के दौरान भाजपा भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर सत्तारूढ़ दल पर हमले करेगी और पेपर लीक मामला, आरपीएससी, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को लेकर सरकार को खूब घेरेगी। दूसरी ओर पलटवार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पीछे नहीं है। उन्होंने लाल डायरी को कोई अहमियत नहीं दी है। वे इसके अस्तित्व को ही नकार रहे हैं। उनका दावा है कि उनकी सरकार के काम से भाजपा घबराई हुई है। वे मणिपुर के मसले पर केंद्र सरकार को घेर रहे हैं। इसके अलावा सीएम गहलोत अपनी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों संवाद कर लोगों से जुड़ने की पहल कर रहे हैं।

पिछले दिनों सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों के साथ संवाद किया था। गुरुवार को इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया और 36.76 लाख लाभार्थियों के खाते में 155.92 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आयोजित किए जा रहे रोजगार मेले, सरकारी योजनाओं से संबंधित शिविर और विभिन्न समाजों के लिए बोर्डों का गठन सियासी संदेश देने का जरिया बने हुए हैं। अपने सियासी अंतर्विरोधों से उबर रही कांग्रेस के सामने अब लाल डायरी के शोर में उसकी सरकार की योजनाओं की चमक को फीकी नहीं पड़ने देने की चुनौती होगी। राजस्थान में विधानसभा चुनाव इस बार नए दिलचस्प मुकाम पर होंगे। साफ है मुकाबला भी कड़ा और दिलचस्प होगा और नतीजे और भी दिलचस्प होंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

व्यंग्य
टमाटर

संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार

वनस्पति शास्त्र के अनुसार कहने को तो टमाटर फल है, पर यह हर जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहता है चाहे वो सलाद हो या सब्जी या चटनी, दालभात में मूसलचंद की तरह उपस्थित हो ही जाता है। जैसे कुछ विधायक/सांसद किसी भी दल में हो और किसी भी दल की सरकार हो उनका मंत्री बनना निश्चित है, वैसे ही कोई सब्जी हो टमाटर बीच में टपक ही पड़ता है।

जब घर में सब्जी न हो और घर में टमाटर हो तो ऐसे आपातकाल के समय आलू-टमाटर की युगलबंदी इज्जत बचा देती है, लेकिन टमाटर अपना तेवर वैसे ही दिखाता जैसे कि अभी टमाटर अपने भाव का दिखा रहा है। लाल टमाटर लाल-लाल आंख दिखाता है और बोलता है कि अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे मुझे सिर्फ सलाद और चटनी के काम के लायक समझता था, देखो जरूरत पड़ने पर सब्जी के रूप में भी काम आ रहा हूं, जैसे सत्ताधारी दल में संकट आती है तो निर्दलीय विधायक सत्ताधारी में मिलकर सत्ताधारी को चटनी होने से बचा लेते हैं वैसे ही यदि सब्जी नही रहती है तो, यह टमाटर ही सब्जी के रूप में काम दे देता है।

इधर मेरे बचपन का मित्र जिसका नाम गोपाल है, लेकिन हम लोग उसे टमाटर कहा करते थे, क्योंकि हम लोगों के समूह में कोई भी घटना होती थी तो वहां गोपाल अपना टांग जरूर अड़ाता था और उसके इसी टांग अड़ाने के कारण हम लोगों ने उसका नाम टमाटर रख दिया। कभी-कभी हम लोग उसे रे टमाटर से भी संबोधित करते थे, परंतु जब से टमाटर के भाव ने शतक लगाया है तब से रे टमाटर कहने पर वह हम लोगों को आंख दिखाने लगा है और कहता है कि अब मुझे रे टमाटर मत बोलो, अब मुझे टमाटर बाबू/ टमाटर साहब बोलो। आज के भोजभात में जिसे पार्टी कहा जाता है वहां सबसे पहले सूप परोसा जाता है, वह भी सामान्य रूप से टमाटर का ही रहता है जिसे सामान्य रूप से टोमेटो सूप कहा जाता है, लेकिन अब तो पार्टियों के एक कोने में टमाटर का बड़ा बैनर लगा दिया जाता है, दर्शन करें और मन ही मन चुस्की लेते रहें। सब्जी बाजार में आयकर वालों ने अपने जासूस लगा रखे हैं और टमाटर खरीदने वालों की सूची तैयार कर रहे ताकि उनके यहां छापे की तैयारी की जा सके। ये लोग टैक्स की चोरी कर रहे हैं और टमाटर खा-खा के लाल हो रहे हैं। टमाटर जो कभी-कभी बेचारा हो जाए करता था 10 रुपए में कोई पूछता नहीं था, किसान सड़क पर उसे फेंक देते थे, आज टमाटर खरीदना शान की बात हो गई है, टमाटर साहब को अब फ्रीज में नहीं लॉकर में रख रहे हैं और उसे मन ही मन याद कर स्वाद चख रहे हैं। पहले टमाटर किसी भी तरह के झोला में खरीद लेते थे, परंतु आजकल टमाटर पारदर्शी, जालीदार झोला में टमाटर खरीद कर ले जा रहे हैं ताकि बाजार से लेकर पड़ोसी तक देख सके कि फलां बाबू ने आज टमाटर खरीदा है, ये है उनकी शान। टमाटर का दाम घट जाता है तो हंगामा बढ़ जाता है तो हंगामा सड़क से संसद तक टमाटर ही टमाटर छाया हुआ है। नेता टमाटर पर भाषण दे रहे हैं, व्यंग्यकार टमाटर पर लिख रहा है, टमाटर न हो गया कि भानुमती का पिटारा हो गया?

टमाटर खाने को भले ही नसीब न हो, लेकिन लिखने वाले खूब लिख रहे, भाषण देने वाले भाषण दे रहे, टमाटर ने तो बड़ी उछाल मारी पर आम जनता के जीवन में कब उछाल आएगा उनका चेहरा कब टमाटर की तरह लाल होगा, यह तो आने वाला समय बताएगा!

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@ashokgehlot51
देखिए! वादा निभाया, ₹500 में सिलेंडर दिलाया, आज हमारी माताएं, बहनें व बेटियां धुएं और घुटन से मुक्ति पाकर आर्थिक सुरक्षा के साथ स्वस्थ जीवन जी रही हैं।

अखिलेश यादव, पूर्व मुख्यमंत्री यूपी
@yadavakhilesh
मणिपुर में जो हो रहा है, वो तो इतना वीभत्स है कि भाजपा सरकार को नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने आप ही, अपने खिलाफ ही 'अविश्वास प्रस्ताव' लाना चाहिए था।

जगदीश वासुदेव, योग गुरु
@SadhguruJV
एक जीवन दूसरे से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है, प्रत्येक जीवन और प्रत्येक प्रजाति पारिस्थितिक संतुलन और सुसंगत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है

सोनू सूद, बॉलीवुड अभिनेता
@SonuSood
कुछ लोग निवेश होते हैं, कुछ लोग बिल होते हैं...

गौर गोपाल दास, आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
लोग वैसे ही हैं जैसे वे हैं और वे हमारे साथ वही करते हैं जो वे चाहते हैं, हमारे साथ जो होता है उस पर हमारा सीमित नियंत्रण हो सकता है लेकिन हम इसके साथ क्या करने का निर्णय लेते हैं उस पर असीमित नियंत्रण होता है।

एलन मस्क, उद्योगपति
@elonmusk
अच्छा समय बिताने के लिए आपको तर्क की आवश्यकता नहीं है।

नॉलेज कॉर्नर: हिमालय पर्वतमाला में बसा भारत का ठंडा स्थान

प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत मिसाल 'सोनमर्ग'

यात्रा जीवन का वह हिस्सा है जिसमें व्यक्ति को सदा मुनाफा होता है। इसके बदले चाहे धन खर्च करना पड़े, मगर पूरी यात्रा के दौरान व्यक्ति को जितनी नई चीजें सीखने को मिलती हैं या नए-नए अनुभव प्राप्त होते हैं, वह जीवन भर की पूंजी के समान होते हैं। इसलिए दुनिया की खास आबादी पर्यटन पर विश्वास करती है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें और केंद्र सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग योजनाओं पर कार्य कर रही हैं। इसी का उदाहरण है, कि भारत की विभिन्न जगहों का नवीनीकरण किया जा रहा है। बात करें उत्तर भारत की तो यहां खूबसूरत झीलों और जलप्रपातों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

सोने का मैदान

हिमालय पर्वतमाला की तलहटी पर कई ठंडे स्थान हैं, जिनका तापमान माइनस छह डिग्री से तीस डिग्री तक रहता है। कश्मीर राज्य में स्थित सोनमर्ग भी उन्हीं में से एक है, जिसका तापमान सदैव छह डिग्री रहता है। इसलिए यहां गर्मी के मौसम में देश-विदेश के पर्यटक भ्रमण करने आते हैं। मर्ग का अर्थ 'घास का खुला मैदान' होता है तथा सोनमर्ग का अर्थ 'सोने का मर्ग' है। इसका कश्मीरी उच्चारण भी 'सोने का मैदान' है। दरअसल वसंत ऋतु में यह स्थान सुंदर फूलों से ढक जाता है, जिसके बाद यह सुनहरा

दिखने लगता है। जब पहाड़ों की ऊंची चोटियों पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो वे भी सुनहरी दिखती हैं। इसी आधार पर इसे सोने का मैदान कहते हैं। यह जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित एक हिल स्टेशन है।

घाटी का इतिहास

गांदरबल कस्बे से इसकी दूरी लगभग 62 किलोमीटर है। राजधानी श्रीनगर से यह 80 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित है। सोनमर्ग कश्मीर को तिब्बत से जोड़ने वाला प्राचीन मार्ग है, जिसे प्रवेश द्वार के रूप में भी जाना जाता है। दो देशों को जोड़ने वाला प्राचीन मार्ग होने के कारण इसका ऐतिहासिक महत्व था। वर्तमान में यह हिल स्टेशन मछुआरों और पैदल यात्रियों के लिए एक लोकप्रिय पर्यटन के रूप में प्रसिद्ध है। वर्ष 1999 में भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध के बाद भारतीय सेना के लिए इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में निर्धारित किया गया।

भौगोलिक स्थिति

कश्मीर घाटी में बसा सोनमर्ग समुद्र तल से 2,730 मीटर की ऊंचाई पर है। यहां गर्मियों में अल्पाइन घास के मैदान विकसित होने लगते हैं। यहां का औसत तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहता है। यहां सालाना लगभग 932 मिमी वर्षा होती है। इसके पश्चिम में श्रीनगर और पूर्व में लद्दाख स्थित है। यह चारों ओर बर्फ से आच्छादित पहाड़ों से घिरा है।

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव: अमित शाह कल आएंगे इंदौर

BJP की नजर मालवा-निमाड़ अंचल की 66 सीटों पर, बनेगी रणनीति

एजेंसी | इंदौर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 30 जुलाई रविवार के इंदौर दौरे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की निगाह पश्चिमी मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल के कार्यकर्ताओं में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले नई ऊर्जा का संचार करने पर होगी। किसानों और आदिवासियों की बड़ी आबादी वाले इस अंचल में विधानसभा की 66 सीटें हैं और 2018 के पिछले चुनावों के दौरान भाजपा को इस क्षेत्र में कांग्रेस के हाथों बड़ा नुकसान झेलना पड़ा था। भाजपा के एक पदाधिकारी ने

शुक्रवार को बताया कि शाह ने आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजधानी भोपाल में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की बुधवार को अध्यक्षता की थी और इस बैठक में उनके 30 जुलाई के इंदौर दौरे की भूमिका बनी। इंदौर, मालवा-निमाड़ अंचल की राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र है और हाल के दिनों में यह पहली बार होगा, जब बड़े नेताओं की बैठक लेकर भाजपा की चुनावी तैयारियों को कस रहे शाह बूथ स्तर तक के पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचेंगे।

पिछले चुनावों में भाजपा को हुआ था नुकसान

भाजपा के प्रदेश मीडिया विभाग के सह प्रभारी दीपक जैन टीनू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, शाह अपने इंदौर दौरे में भाजपा के कम से कम 25,000 ऐसे कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे जिनके पास मालवा-निमाड़ अंचल में पार्टी का कोई न कोई दायित्व है। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान मालवा-निमाड़ अंचल में भाजपा को तगड़े नुकसान के बारे में पूछे जाने पर जैन ने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस ने मतदाताओं से झूठे वादे किए थे, लेकिन अब जनता कांग्रेस की असलियत समझ चुकी है। उन्होंने बताया कि शाह अपने दौरे में इंदौर से करीब 50 किलोमीटर दूर जानापाव कुटी में भगवान परशुराम की जन्मस्थली के दर्शन भी करेंगे। ज्ञात रहे कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को कहा था कि इंदौर में शाह की मौजूदगी वाले सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पूरी ताकत से जुटने का संकल्प दिलाया जाएगा ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के लक्ष्य के तहत पार्टी को फिर सत्ता में लाया जा सके।

कांग्रेस ने शाह के दौरे पर साधा निशाना

उधर, प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शाह के इंदौर दौरे को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा के प्रदेश नेतृत्व पर निशाना साधा है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा, विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के बीच शाह को लाया जाना बताता है कि प्रदेश में भाजपा के मौजूदा चेहरे बेदम हो चुके हैं। जब इन चेहरों पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का ही विश्वास नहीं है, तो मतदाता इन चेहरों पर भला विश्वास क्यों करें?

बुंदेलखंड और पूर्वांचल में अपार संभावनाएं: सीएम योगी

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखंड और पूर्वांचल में अपार संभावनाएं हैं और इन क्षेत्रों की विकास निधि का उपयोग बहुआयामी और दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। सीएम ने नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की और प्रदेश में क्षेत्रवार संभावनाओं को बढ़ावा देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कहां और किन क्षेत्रों में प्रयासों की आवश्यकता है और किस प्रकार की सहायता प्रदान की जानी चाहिए इसका व्यापक अध्ययन करें और इससे जुड़ी रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में काम किया जाए।

आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नोएडा। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की शिकायत पर आम आदमी पार्टी की प्रमुख प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के खिलाफ यहां प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूनावाला ने एक टीवी चैनल पर बहस के दौरान प्रियंका पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में पूनावाला ने आरोप लगाया कि 25 जुलाई को एक टीवी चैनल पर बहस के दौरान कक्कड़ ने उन्हें मुजाहिदीन कहा, उनके धर्म का अपमान किया और अत्यंत सांप्रदायिक टिप्पणी की। पुलिस के अनुसार, पूनावाला ने गुरुवार को दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया, पूर्व में भी उन्होंने मेरे धर्म, इस्लाम और आम तौर पर मुसलमानों के खिलाफ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी टिप्पणियां की हैं।

शाह व प्रियंका गांधी के तेलंगाना दौरे स्थगित

हैदराबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की इस सप्ताह प्रस्तावित तेलंगाना की यात्राएं स्थगित कर दी गई हैं। भाजपा प्रवक्ता एन वी सुभाष ने कहा कि शाह की 29 जुलाई को होने वाली प्रदेश यात्रा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। इस बीच, तेलंगाना कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मल्लू रवि ने कहा कि कोल्हापुर में 30 जुलाई को होने वाली जनसभा को भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। इसमें प्रियंका गांधी को भाग लेना था। इस मौके पर प्रियंका की मौजूदगी में पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव को औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होना था।

महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित संशोधन बिल को लोकसभा की मंजूरी

खनिजों की खोज के लिए निजी क्षेत्र को मिल सकेगा लाइसेंस

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा ने शुक्रवार को 'खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023' को मंजूरी दी जिसमें जमीन के नीचे मौजूद कुछ महत्वपूर्ण खनिजों के संदर्भ में निजी क्षेत्र को लाइसेंस दिए जाने का प्रावधान है। सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से अपनी स्वीकृति प्रदान की।

विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए खान और कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि यह विधेयक खनिज क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली इस सरकार में हर क्षेत्र में बदलाव लाया जा रहा है और वह देश के हित में है। जोशी ने कहा कि यह बदलाव देश में दिख रहा है और इसी कारण देश की अर्थव्यवस्था आज दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गई है। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इस विधेयक से नौकरशाही संबंधी बाधाएं खत्म हो जाएंगी तथा 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में आगे जाने में मदद मिलेगी।

विधेयक में यह किए गए प्रावधान

'खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023' केंद्र सरकार को कुछ महत्वपूर्ण खनिजों के लिए विशेष रूप से खनन पट्टे और समग्र लाइसेंस की नीलामी करने का अधिकार देता है। प्रस्तावित संशोधन महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण के सभी क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक बनाएगा। जोशी ने यह विधेयक गत बुधवार को लोकसभा में पेश किया था।

दल बदल विरोधी कानून में संशोधन का प्रस्ताव नहीं

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि दल बदल विरोधी कानून में संशोधन का कोई प्रस्ताव नहीं है। लोकसभा में धर्मेन्द्र कश्यप के प्रश्न के लिखित उत्तर में विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह जानकारी दी। सदस्य ने पूछा था कि क्या सरकार दल बदल विरोधी कानून को मजबूत करने की योजना बना रही है। मेघवाल ने कहा,भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची अर्थात दल परिवर्तन रोधी कानून में संशोधन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

पांच साल में कोई नया आईआईटी-आईआईएम नहीं खुला

नई दिल्ली। सरकार ने राज्यसभा को बताया कि पिछले पांच वर्ष में देश में कोई नया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नहीं खोला गया है। शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उनसे पूछा गया था कि विगत पांच वर्ष में किन-किन शहरों और किस वर्ष में नए आईआईटी और आईएमएम खोले गए? इसके जवाब में कहा गया कि वर्तमान में देश में 23 आईआईटी और 20 आईएमएम कार्यरत हैं। पिछले पांच वर्ष में कोई नया आईआईटी और आईएमएम नहीं खोला गया है। उन्होंने बताया कि देश में 2018-19 के दौरान 17 राज्य सरकारी विश्वविद्यालय, 40 राज्य निजी विश्वविद्यालय और तीन केंद्रीय विश्वविद्यालय खोले गये। इसी प्रकार 2019-20 के दौरान 14 राज्य सरकारी विश्वविद्यालय, 18 राज्य निजी विश्वविद्यालय और एक समवत (डीम्ड) विश्वविद्यालय और एक केंद्रीय विश्वविद्यालय खोला गया।

तमिलनाडु सरकार ने कोर्ट में कहा...

मंत्री को पद से हटाने पर एकतरफा फैसला नहीं ले सकते गवर्नर

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को मद्रास हाई कोर्ट को सूचित किया कि वी सेंथिल बालाजी को मंत्रिपरिषद से हटाने का राज्यपाल एकतरफा निर्णय नहीं ले सकते। महाधिवक्ता आर. शणमुघसुंदरम ने यह दलील तब दी जब गिरफ्तार द्रमुक मंत्री सेंथिल बालाजी से जुड़ी जनहित याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश एस.वी. गंगापुरवाला और पी.डी. औदिकेसवालु की प्रथम पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आईं। कथित तौर पर नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तारी के बाद भी सेंथिल बालाजी तमिलनाडु सरकार में बिना विभाग के मंत्री बने हुए हैं। वह फिलहाल पुझल केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

जनहित याचिका में सेंथिल बालाजी को बर्खास्त करने के तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के आदेश तथा उसके बाद के आदेश को स्थगित रखने की मांग की गई है तो अन्य दो रिट याचिकाओं में उस अधिकार पर सवाल उठाया गया है जिसके तहत सेंथिल बालाजी मंत्री का पद संभाल रहे थे। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के विभिन्न निर्णयों का

हवाला देते हुए, शणमुघसुंदरम ने कहा कि राज्यपाल अपनी संतुष्टि के आधार पर अपनी विवेकाधीन शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकते और वह अपनी विवेकाधीन शक्ति का प्रयोग मंत्रिपरिषद की संतुष्टि पर ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का आपराधिक इतिहास उसके चुनाव लड़ने या मंत्री बनने में बाधा नहीं बन सकता, जब तक कि उसे किसी मामले में दोषी न ठहराया गया हो। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों में से एक शक्तिवेल ने कहा कि इस मामले में, राज्यपाल ने शुरू में मुख्यमंत्री को सेंथिल बालाजी के आपराधिक इतिहास पर विचार करने और उन्हें हटाने के लिए लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेंथिल बालाजी बिना विभाग के मंत्री बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे में राज्यपाल ने आदेश पारित करते समय मुख्यमंत्री को अंधेरे में नहीं रखा। राज्यपाल ने उन्हें कारणों के साथ हटाया है और इसलिए यह वैध है।

तमिलनाडु में भाजपा की 'मेरी भूमि-मेरे लोग' यात्रा शुरू

नाम बदलने से कुछ नहीं होगा लोगों को याद आएंगे घोटाले

एजेंसी | रामेश्वरम

भाजपा के शीर्ष नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और द्रमुक सहित उसके सहयोगियों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके गठबंधन का नाम बदलकर 'इंडिया' करने से कुछ नहीं होगा।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की राज्यव्यापी 'एन मन, एन मक्कल (मेरी भूमि, मेरे लोग)' पदयात्रा की शुरुआत से पहले शाह यहां एक रैली को संबोधित कर रहे

थे। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस और द्रमुक सहित उसके सहयोगी दल लोगों के पास वोट मांगने जाएंगे, तो जनता को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान 2जी घोटाले और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले सहित भ्रष्टाचार याद आएगा। ज्ञात रहे कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने हाल में 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा से मुकाबला करने के लिए गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का गठन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तमिल पैरोकारी को आगे बढ़ाते हुए शाह ने कहा कि मोदी ने नए संसद भवन में सेंगोल (राजदंड) स्थापित करके तमिल संस्कृति का सम्मान किया है। उन्होंने द्रमुक शासन पर निशाना साधते हुए इसे देश का सबसे भ्रष्ट शासन बताया।

असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने मांगी माफी

गुवाहाटी। कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने 'लव जिहाद' और भगवान कृष्ण के रुक्मिणी से संबंधों के बीच समानता बताने के लिए शुक्रवार को माफी मांगी। गोलाघाट जिले में सोमवार को 25 वर्षीय एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के कारण अपनी पत्नी और सास-ससुर की हत्या कर दी थी तथा बाद में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इसे 'लव जिहाद' का मामला बताया था क्योंकि पति मुस्लिम और पत्नी हिंदू थी। इस घटना पर बोरा ने कहा था, प्यार और जंग में सब कुछ जायज है।

पुस्तक का लोकार्पण

नई दिल्ली। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले व अन्य लोग शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व सांसद बलबीर पुंज की पुस्तक नरैटिव का मायाजाल का लोकार्पण करते हुए। -पीटीआई

एमवीए: मुंबई बैठक को बनाएगी सफल

कांग्रेस की पवार से मंत्रणा, सीटों के बंटवारे की तैयारी में जुटी पार्टियां

एजेंसी | मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को राकांपा के संस्थापक शरद पवार से मुलाकात की। बैठक में भाग लेने वाले कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि अगले महीने मुंबई में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की प्रस्तावित बैठक अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितंबर के पहले सप्ताह में हो सकती है।बैठक में विपक्षी गठबंधन की बैठक की सफलता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक वाई बी चव्हाण सेंटर में हुई। बैठक में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले, पूर्व मुख्यमंत्री

पृथ्वीराज चव्हाण और वरिष्ठ नेता नसीम खान मौजूद थे। राकांपा के प्रदेश प्रमुख जयंत पाटिल और उनकी पार्टी के विधायक शशिकांत शिंदे और रोहित पवार ने भी चर्चा में भाग लिया। पटोले ने कहा, एमवीए तीनों सहयोगियों (शरद पवार नीत राकांपा, कांग्रेस और शिवसेना का उद्धव ठाकरे नीत गुट) के बीच चर्चा करके सीट-बंटवारे के व्यवस्था और उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने पर काम करेगी।

उद्धव ठाकरे से भी हुई थी चर्चा

सूत्रों के मुताबिक उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बीच लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर पिछले दिनों चर्चा हुई थी। हालांकि ये अभी शुरुआती चर्चा है और आगे भी चर्चा के कई दौर चल सकते हैं। जानकारी के मुताबिक शरद पवार महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं के साथ गठबंधन के फॉर्मूले पर बातचीत कर उनकी भूमिका जानेंगे।

'इंडिया' की बैठक में 100 नेता होंगे शामिल, एमवीए मजबूत व एकजुट

पटोले ने कहा कि लगभग 100 नेता 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे और पवार ने इस बारे में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे से फोन पर बात की है। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के सदस्य के रूप में हम मुंबई में बैठक की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमवीए मजबूत और एकजुट है तथा बरसात का मौसम खत्म होने के बाद यह राज्य भर में रैलियां आयोजित करेगी।

कांग्रेस सबसे मजबूत विपक्षी दल

शिवसेना और एनसीपी में बगावत के बाद अब महाराष्ट्र में कांग्रेस ही सबसे मजबूत पार्टी है। इसका फायदा पार्टी को सीटों के बंटवारे मिल सकता है। कांग्रेस को ही एमवीए में सबसे ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। हालांकि शरद पवार का यह प्रयास हो सकता है कि उनकी पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़े। वहीं उद्धव ठाकरे भी सीटों के बंटवार में इसी गणित में जुटे हैं। तीनों ही पार्टियां विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में में शामिल हैं।

रोहित पवार की डिप्टी सीएम अजित से मुलाकात

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक रोहित पवार ने शुक्रवार को यहां राज्य विधानमंडल परिसर में अपने चाचा और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुलाकात की। अजित पवार ने अपने चाचा और पार्टी प्रमुख शरद पवार के खिलाफ इस महीने के शुरू में बगावत कर दी थी और राज्य की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए थे। अब अजित पवार और रोहित पवार पार्टी के अलग-अलग गुटों से जुड़े हैं। अजित पवार के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि रोहित पवार ने अजित पवार से उनके कक्ष में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कर्जत-जामखेड़ से पहली बार विधायक चुने गए रोहित ने अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित काम के सिलसिले में उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की।

जरूरी खबर

सिद्धारमैया को अयोग्य करार देने की अपील

बेंगलुरु। कर्नाटक हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को नोटिस भेजा, जिसमें उन्हें कथित चुनावी कदाचार के आरोप में वरुणा विधानसभा क्षेत्र से अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया गया है। सिद्धारमैया को नोटिस पर एक सितंबर तक जवाब देने के लिए कहा गया है। न्यायाधीश सुनील दत्त यादव ने यह आदेश सुनाया और सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका में कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (2) के तहत रिश्वतखोरी और अनुचित प्रभाव के समान भ्रष्ट आचरण कहा गया है। इस घोषणापत्र में कांग्रेस ने पांच गारंटियों का वादा किया था।

दत्ता सामंत हत्याकांड में छोटा राजन बरी

मुंबई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की एक विशेष अदालत ने गैंगस्टर छोटा राजन को 1997 में ट्रेड यूनियन नेता दत्ता सामंत की हत्या से जुड़े एक मामले में सबूतों के अभाव में शुक्रवार को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है कि राजन, जिसका असली नाम राजेंद्र सदाशिव निकालजे है, ने साजिश रची। हालांकि, गैंगस्टर के जल्द जेल से रिहा होने की संभावना नहीं है क्योंकि वह विभिन्न शहरों में दर्जनों मामलों में मुकदमे का सामना कर रहा है। सामंत ने 1981 में मुंबई में कपड़ा मिल श्रमिकों की हड़ताल का आयोजन किया था।

मॉब लॉचिंग मामले में सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को एक महिला संगठन द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया जिसमें अनुरोध किया गया है कि गोरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफ भीड़ की हिंसा और पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटनाओं से निपटने के लिए राज्यों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश जेबी पारदीवाला की पीठ ने केंद्र और महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी कर याचिका पर उनका जवाब मांगा।

संसद के अवलोकन को पहुंची राजस्थानी महिलाएं

नई दिल्ली। इन दिनों संसद का मानसून सत्र जारी है और देश के विभिन्न हिस्सों से लोग संसद के अवलोकन के लिए पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को राजस्थान से महिलाओं का एक दल संसद के अवलोकन को पहुंचा। -पीटीआई

महिला सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है भाजपा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई वीभत्स घटना और कुछ अन्य घटनाओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के लोभ में महिला सम्मान और देश के आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने यह दावा भी किया कि देश को दो वर्गों में बांटा जा रहा है जहां एक तरफ सत्ता से संरक्षण प्राप्त लोग हैं तो दूसरी तरफ गरीब हैं। राहुल गांधी ने एक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से मणिपुर की घटना और महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुछ अन्य मामलों का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया, सत्ता के लोभ में भाजपा महिला सम्मान और देश के आत्मसम्मान, दोनों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

‘सेमीकॉन इंडिया 2023’ सम्मेलन में पीएम मोदी की घोषणा

देश में सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने पर मिलेगी 50% वित्तीय मदद

एजेंसी | गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनियों को 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जाएगी। मोदी ने गांधीनगर में ‘सेमीकॉन इंडिया 2023’ सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योगों को हर तरह की सुविधाएं दी हैं और इस उद्योग की वृद्धि के लिए एक पूरा परिवेश तैयार किया जा रहा है।

मोदी ने कहा, सेमीकंडक्टर परिवेश के लिए, हम इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को बदल रहे हैं। भारत ने 300 से अधिक बड़े विद्यालयों की पहचान की है, जहां सेमीकंडक्टर पर पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उम्मीद है कि अगले पांच साल में हमारे पास एक लाख से ज्यादा डिजाइन इंजीनियर होंगे।

■ 300 बड़े स्कूलों में सेमीकंडक्टर पर पाठ्यक्रम होगा शुरू

गांधीनगर। सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रदर्शनी का अवलोकन करते पीएम मोदी।

अगले 5-7 साल में होंगे पांच संयंत्र: वैष्णव

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि अगले पांच-सात वर्षों में देश के भीतर अरबों डॉलर निवेश वाले पांच चिप विनिर्माण संयंत्र शुरू हो जाने का भरोसा है। हरेक सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र के लिए पांच अरब डॉलर या उससे अधिक निवेश की जरूरत होगी। इसका गुणक प्रभाव इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन एवं लैपटॉप विनिर्माण और आईटी हार्डवेयर क्षेत्र पर भी देखने को मिलेगा।

चौथी औद्योगिक क्रांति आकांक्षाओं से प्रेरित

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में हुई प्रत्येक औद्योगिक क्रांति अलग-अलग समय में लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित थी और उनका मानना है कि अब जो चौथी औद्योगिक क्रांति देखी जा रही है, वह भारत की आकांक्षाओं से प्रेरित है। पहली औद्योगिक क्रांति और अमेरिकी सपने के बीच भी यही संबंध देखा गया था। आज मैं चौथी औद्योगिक क्रांति और भारतीय आकांक्षाओं के बीच वही संबंध देखता हूं। भारतीय आकांक्षाएं देश की वृद्धि को गति दे रही हैं और इस वजह से अत्यधिक गरीबी तेजी से खत्म हुई है तथा ‘नव-मध्यम वर्ग’ का उदय हुआ है। हम भारत में सेमीकंडक्टर परिवेश बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। देश ने हाल ही में ‘नेशनल क्वांटम मिशन’ को मंजूरी दी है और संसद में राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक पेश किया जाना है।

ताइवान भारत का भरोसेमंद साथी

फॉक्सकॉन ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत में सेमीकंडक्टर मसौदे के भविष्य को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ताइवान भारत का सबसे भरोसेमंद भागीदार है और रहेगा। फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने यहां सम्मेलन में कहा कि आइए साथ मिलकर यह काम करें।

संसद के दोनों सदनों में गतिरोध जारी

‘इंडिया’ के 20 सांसद आज जाएंगे मणिपुर

एजेंसी | नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन ‘इंडियन नेशनल डेवपलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के 20 सांसद शनिवार से मणिपुर का दो दिवसीय दौरा करेंगे जहां वे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों की जमीनी स्थिति का आकलन करने के बाद समस्याओं के समाधान के बारे में सरकार तथा संसद को अवगत कराएंगे। दूसरी ओर संसद के दोनों सदनों में मणिपुर मसले पर शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगा।

कांग्रेस प्रवक्ता सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि सांसद राज्य के दौरे दौरान राज्यपाल अनुसुइया उइके से भी मुलाकात करेंगे। द्रमुक के नेता टी आर बालू ने कहा कि विपक्षी प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सुबह मणिपुर के लिए रवाना होगा और पता लगाएगा कि वहां क्या गलत हुआ, किस हद तक जान-माल का नुकसान हुआ है।

उग्रवादियों के साथ गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मी घायल

इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में उग्रवादियों के साथ गोलीबारी में सेना के एक जवान समेत दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 50 किलोमीटर दूर फौबाकचाओ इखाई इलाके में गुरुवार सुबह गोलीबारी शुरू हुई और विद्रोहियों के भागने तक देर रात लगभग 15 घंटे गोलीबारी जारी रही। गोलीबारी के दौरान तेरा खोंगसांगबी के पास एक मकान में आग लगा दी गई।

कर्नाटक: विलंब से पहुंचने पर रोका

राज्यपाल को नहीं होने दिया विमान में सवार, विमानन कंपनी ने मांगी माफी

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को गुरुवार को कथित तौर पर देर से पहुंचने की वजह से एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एआईएक्स कनेक्ट के विमान में सवार होने की अनुमति नहीं दी गई और विमान बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हो गया। राज्यपाल के प्रोटोकॉल अधिकारी एम. वेणुगोपाल ने इस घटना के लिए एआईएक्स कनेक्ट और जिम्मेदार अधिकारियों के

खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हवाई अड्डे के थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद शुक्रवार को विमानन कंपनी ने माफी मांगी। शिकायत के अनुसार, गहलोत को गुरुवार अपराह्न दो बजकर पांच मिनट पर टर्मिनल-2 से एएक्सआई कनेक्ट की उड़ान संख्या आई5 972 में सवार होकर हैदराबाद जाना था। शिकायत में कहा गया है, राज्यपाल एक बजकर 10 मिनट पर राजभवन से रवाना हुए और एक बजकर 35 मिनट पर टर्मिनल-1 के वीआईपी लाउंज पहुंचे। उस समय तक राज्यपाल का सामान विमान में रखवा दिया गया था। राज्यपाल अपराह्न दो बजकर छह मिनट पर विमान की सीढ़ी के पास पहुंचे थे।

विमान में महिला से छेड़छाड़, प्रोफेसर गिरफ्तार

मुंबई। दिल्ली से मुंबई जा रहे विमान में एक महिला डॉक्टर पर यौन हमला करने के आरोप में एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि घटना बुधवार को हुई। विमान में 24 वर्षीय पीड़िता की सीट आरोपी के बगल में ही थी। उन्होंने कहा, महिला डॉक्टर ने अपनी शिकायत में बताया कि मुंबई हवाई अड्डे पर विमान के उतरने से कुछ समय पहले आरोपी ने उन्हें गलत तरीके से छुआ। इसके बाद दोनों के बीच बहस हुई।

हेलिकॉप्टर से भोजन सामग्री की सप्लाई

मुलुगु। तेलंगाना में भारी बारिश के कारण इन दिनों कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य के मुलुगु में बाढ़ से प्रभावित लोगों को भोजन सामग्री गिराता वायु सेना का एक हेलिकाप्टर।

यात्रा वृतांत... अमरनाथ यात्रा

श्रद्धा अपार... बढ़ते व्यवसायीकरण की आंच से यात्रा हो रही है दुश्वार

राजेश कुमावत | बेधड़क

जयपुर। भारतीय सनातन परंपरा में हिमालय पर्वत शृंखला को बहुत ही पवित्र माना गया है। अनेक हिंदू तीर्थ स्थल हिमालय क्षेत्र में हैं। देवों के देव महादेव भी वहां अनेक रूपों में विराजमान हैं, जिसमें बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा भी है। दुर्गम यात्रा मार्ग के बावजूद बाबा अमरनाथ के दर्शन को हर साल लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं। इस बार हमें भी बाबा का बुलावा आ गया और हमारी मित्र मंडली भी बाबा के दर्शन को चल पड़ी। यात्रा मार्ग में जो बात सबसे ज्यादा अखरी वह यह है कि देश में देव दर्शन के व्यवसायीकरण की आंच ने अमरनाथ यात्रा को भी अपने

आगोश में ले लिया है। वहां श्रद्धालु हर सुविधा के लिए प्रशासन की उदासीनता व मनमानी वसूली एवं अव्यवस्थाओं के शिकार हो रहे हैं। यात्रा प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में शुरू होती है और सावन माह की पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन पर्व पर समापन होती है। अप्रैल में रजिस्ट्रेशन खुलने के साथ ही हमने यात्रा के लिए अपना पंजीयन करा लिया था। हमारा रजिस्ट्रेशन पहलगाव यात्रा मार्ग के लिए हुआ और हमें चंदनबाड़ी आधार शिविर पर रिपोर्टिंग करनी थी। हम लोगों का जत्था 6 जुलाई को मोती डूंगरी गणेशजी की पूजा अर्चना के बाद 14 बसों में रवाना हुआ। खाटू श्यामजी, सालासर बालाजी, ईच्छापूर्ण हनुमानजी के दर्शन करते हुए हम 7 जुलाई को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने एवं बाघा बोर्डर देखने पहुंचे। यात्रा के यह पल भी अविस्मरणीय रहे, जब हमने देश के सांस्कृतिक,धार्मिक वैभव और शौर्य को अपनी आंखों से देखा।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम

जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पनपा तो अमरनाथ यात्रा भी आतंकियों के निशाने पर आ गई, लेकिन जम्मू कश्मीर सरकार, सेना और सुरक्षा बलों के सहयोग से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने लगी। इस बार भी सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह सुरक्षाकर्मी और सैनिक तैनात थे। इस बार अमरनाथ यात्रा में अधिकांश सुविधाओं की जिम्मेदारी अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने अपने हिसाब से शुरू करवाई, सेना को अमरनाथ यात्रा में केवल सुरक्षा व्यवस्था दी गई। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने कहा कि जब व्यवस्थाएं सेना के हाथ में थी तो यात्रा अधिक आसान थी। श्राइन बोर्ड ने सुविधाएं अपने हाथ में ली तो यात्रियों के लिए परेशानियां का दौर शुरू हो गया।

यात्रा परमिट के लिए इंतजार

हमारा जत्था आठ जुलाई की अर्धरात्रि जम्मू के लखनपुर बॉर्डर पर पहुंचा, जहां हमने यात्रा का अनुमति पत्र लिया और यात्रा परमिट बनवाया। जब हम बॉर्डर पहुंचे तो वहां यात्रियों की लंबी लाइन लगी थी। यहां रोड टैक्स, टोल टैक्स सहित यात्रा से संबंधित अन्य दस्तावेजों और गाड़ियों की जांच के बाद यात्रा परमिट दिया जाता है। इसके बाद ही यात्री अपने वाहन सहित जम्मू कश्मीर में प्रवेश कर यात्रा की शुरुआत करते हैं। लंबी लाइन के कारण अनेक यात्री परेशान हो रहे थे, लेकिन जरूरी प्रक्रिया थी जिनसे हम भी गुजरे। बेहतर हो कि यहां जांच प्रक्रिया को सरल बना दिया जाए ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी ही न हो। यात्रा मार्ग में आने वाली परेशानियों से यह हमारा पहला साक्षात्कार था।

सामूहिक यात्रा में आई परेशानी

अमरनाथ यात्रियों के लिए इस बार रजिस्ट्रेशन बायो मैट्रिक्स आधार द्वारा शुरू हुआ। इसमें यात्री को व्यक्तिगत उपस्थित होकर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में सामूहिक रूप से यात्रा करने के इच्छुक लोगों को असुविधा हुई। इस कारण उन्हें अलग-अलग यात्रा की तारीख मिली। इसके कारण मुश्किलें हुईं। हालांकि अकेले यात्रा के लिए तो यह व्यवस्था ठीक है। **क्रमश:**

फिट बॉडी एंड सोल महिला एंटरप्रिन्योर्स फोरम ने मनाया सफलता का जश्न

लेडीज ने बार्बी गर्ल के लुक में बाहर निकाली खुद के भीतर छिपी 'बच्ची'

बेधड़क | जयपुर

बॉन्डिंग, नेटवर्किंग, प्यार बांटने, नए दोस्तों के साथ मिलकर सावनी फुहारों को एंजॉय करने और कॅरियर में आगे बढ़ने का नजारा जयपुर के लेडीज ग्रुप में उनकी पोजिटिव सोच के साथ दिखाई दिया। मौका था एफबीएस (फिट बॉडी एंड सोल) महिला एंटरप्रिन्योर्स फोरम के प्रोग्राम का। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया फिट बॉडी एंड सोल महिला एंटरप्रिन्योर्स फोरम ने जयपुर की महिला उद्यमियों के साथ कुछ अलग और नया करने का सोचा। ऐसा करने की इस चाह से ही फोरम ने लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपनी इसी सफलता का जश्न सभी लेडीज ने साथ मिलकर मनाया।

मैंबर्स ने बनाया विजन बोर्ड

मेघा और प्राची खंडेलवाल कहती हैं कि सेलिब्रेशन को प्रेरक बनाने के लिए वह अंदर की छोटी सी लड़की को बाहर निकालती हैं। पार्टी एक्सप्रेस रिद्दि शर्मा की ओर से किया गया। वहीं श्वेता सुराना, रश्मि कोटवाला, वैशाली मोदी ने मैंबर्स को अपने लिए खुद का विजन बोर्ड बनवाया। मैडम प्लस की कनुप्रिया पोद्दार ने बार्बी के स्टोल्स का विजन बोर्ड गिफ्ट किया।

फोटो: पंकज शर्मा

फिट रहने के मंत्र बताए

टोंक रोड स्थित एक रेस्त्रां में हुए प्रोग्राम में मैंबर्स को बार्बी लुक आयशा, भावना अग्रवाल एंड साक्षी कालानी ने दिया। ऐसे में मैंबर्स बार्बी लुकर लेकर अपने अंदर की छोटी लड़की को लेकर प्रोग्राम में शामिल हुईं। इवेंट में डॉ. ऋचा शर्मा और अनिशा नेनवाटी ने डांस हुक्स से चार चंद लगा दिए। इस मौके पर लेडीज को हेल्थ टिप्स भी दिए और भागदौड़ भरी जिंदगी में फैमिली के अलावा स्वयं के लिए भी टाइम निकालकर फिट रहने के मंत्र बताए गए।

भोलेनाथ का किया अभिषेक

बेधड़क. जयपुर। अपना आर्य नगर विकास समिति की ओर से मुरलीपुरा के शिव-हनुमान मंदिर से अधिमास सावन में कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ियों ने गलताजी कुंड से जल भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। कांवड़ यात्रा गलताजी कुंड पर भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई, जो गलताजी से बड़ी-छोटी चौपड़, चांदपोल, पानीपेच, सीकर रोड मुख्य मार्ग होते हुए मुरलीपुरा स्थित शिव हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान डीजे की धुन पर नाचते गाते सैकड़ों शिव भक्त कांधे पर कांवड़ रखकर भगवान भोलेनाथ और हर हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे थे। कांवड़ियों का मंदिर आगमन पर पुष्प वर्षा से स्वागत भी किया गया। समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार नें सभी कांवड़ियों एंव समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

महिलाओं ने किया भ्रमण

बेधड़क. जयपुर। फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की ओर से 'डायलॉग इन द डार्क' वर्कशॉप का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन नेहा ढड्ढा के नेतृत्व में गुर्जर की थड़ी स्थित होटल होली-डे इन एक्सप्रेस में लेडीज ने फोर सेंस चैलेंज, डायलॉग इन द डार्क का एक भ्रमण किया। नेहा ने बताया कि ये सेशन पूरी तरह से अनूठा था। 90 मिनट के सत्र में सभी मैंबर्स ने खास अनूभव किया। साथ ही ग्रुप फोटोग्राफ्स व गेट टू गेदर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आई लेडीज ने इंटरेक्ट किया।

क्लब ने लगाए 200 पौधे

बेधड़क. जयपुर। गुरुकुल रोटरी क्लब जयपुर मरुगंधा ने तरुछाया पौधरोपण अभियान के तहत अमलतास एवं गुलमोहर के 200 पौधे लगाए। ये पौधे द्रव्यवती बॉटनिकल गार्डन, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, प्रताप नगर में रोपे गए। इस मौके पर डीजी इलेक्ट डॉ. राखी गुप्ता समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।

City इवेंट्स

सराफ ने किया ट्यूबवेल का लोकार्पण

बेधड़क. जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 142 लक्ष्मी कॉलोनी बोहरा जी का बाग लक्ष्मी मंदिर के पास जलदाय विभाग द्वारा लगाए गए ट्यूबवेल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। सराफ ने बताया कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में अब तक 29 ट्यूबवेल का लोकार्पण किया जा चुका है। स्थानीय पार्षद हिमांशु जैन ने बताया कि लक्ष्मी कॉलोनी बोहरा जी का बाग में पानी की समस्या थी। स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ ने जलदाय विभाग द्वारा ट्यूबवेल लगवाया है। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला पहनाकर स्वागत किया।

धर्मराज चित्रगुप्त बोर्ड के गठन की मांग

बेधड़क. जयपुर। राजस्थान कायस्थ महासभा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को एक प्रतिवेदन दे कर धर्मराज चित्रगुप्त बोर्ड का गठन करने की मांग की है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमारसंभव ने बताया कि इस प्रतिवेदन के माध्यम से सरकार एवं मुख्यमंत्री के संज्ञान में ऐसे तथ्य लाए गए हैं जो कायस्थ समाज की प्रगति में रोड़ा बने हुये हैं। उन्हें बताया कि किस प्रकार समाज के सामने नौकरी और रोटी का संकट आया है। महंगी होती उच्च शिक्षा को वहन करने की सामर्थ्यहीनता, कोचिंग व शिक्षण शुल्क सरकारी अनुदान की अनुपलब्धता के बारे में जानकारी देने के साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी जिला मुख्यालय पर कायस्थ समाज के छात्रों के लिए छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है। महासभा ने समाज की इन समस्याओं के समाधान के लिए धर्मराज चित्रगुप्त बोर्ड का गठन कर राहत देने की मांग की गई।

विशेषज्ञों ने की स्वास्थ्य पर चर्चा

बेधड़क. जयपुर। भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन जयपुर यूनिट प्रथम एवं मनिपाल हास्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। होटल फोर पोइंटस शेरेटन में आयोजित इस प्रोग्राम में सुपर सीनियर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हृदय, किडनी, हड्डी रोग एवं मेडिसिन विभाग पर विस्तार से जानकारी दी एवं पेंशनर्स की शंकाओं का समाधान किया। बैंक के उप महाप्रबंधक अनिरुद्ध कुमार चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जयपुर यूनिट प्रथम की डायरेक्टरी का विमोचन किया। कार्यक्रम में मनिपाल हास्पिटल से मार्केटिंग हेड अनुराग दीक्षित, भारत दिवाकर, एसबीआई सर्कल पेंशनर्स एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष डॉ. मांगी लाल चौधरी, यूनिट प्रथम जयपुर के अध्यक्ष नितिन शर्मा एवं सचिव जगदीश उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त किए। स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम में 150 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

जेकेके में इंटेंसिव थिएटर वर्कशॉप शुरू

रंगकर्मी को साहित्य और संगीत के बारे में भी होनी चाहिए समझ

बेधड़क | जयपुर

जयपुर से बॉलीवुड और टीवी तक पहुंचने की राह शुक्रवार से जवाहर कला केंद्र में दिखाई देने लगी। युवा कलाकारों ने विशेषज्ञों से बारीकियां जानना शुरू किया। यहां जेकेके और सार्थक थिएटर ग्रुप की सहभागिता में 45 दिवसीय इंटेंसिव थिएटर वर्कशॉप की शुरुआत हुई।

निर्देशक साबिर खान के निर्देशन में 20 प्रतिभागी वर्कशॉप में रंगमंच की बारीकियां सीख रहे हैं। मौसम संबंधी कठिनाईयों को देखते हुए वर्कशॉप के आवेदन जारी रखे गए हैं। वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को थिएटर के सभी मूलभूत पहलुओं के बारे में बताया जाएगा। एक रंगकर्मी को अलग-अलग पात्रों के किरदार निभाने होते हैं। उन्हें गहराई से जानने के लिए मनोवैज्ञानिक पक्ष मजबूत होना चाहिए। इसी के साथ रंगकर्मी को साहित्य और संगीत की समझ होनी चाहिए। वर्कशॉप में अभिनय के साथ-साथ मनोविज्ञान, संगीत और साहित्य की जानकारी दी जाएगी, जिससे मजबूत नींव तैयार हो। युवा रंगकर्मी मानवीय भावों को समझ सके इसके लिए उन्हें खुद से समझने और सीखने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है। पहले दिन युवाओं ने एक-दूसरे से परिचय भी किया और स्वयं की स्किल्स को पहचाने की कोशिश की।

पुष्कर में ग्रांड म्यूजिकल इवनिंग में जुटे एक्सपर्ट

इंडिया ग्लैम किड्स अवॉर्ड्स का पोस्टर और ट्रॉफी लॉन्च

बेधड़क | जयपुर

ग्रांड म्यूजिकल इवनिंग में आतिशी नजारों के बीच इंडिया ग्लैम किड्स अवॉर्ड्र्स का पोस्टर और ट्रॉफी लॉन्च किए गए। मौका था जूनियर मॉडल्स की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पिंक कांसेप्ट्स और वैश्वी मल्टीवेंचर्स की ओर से आयोजित किए जाने वाले इंडिया ग्लैम किड्स अवॉर्ड्र्स-2023 की लॉन्च पार्टी का।

वाइल्डरोज रिजॉर्ट एंड स्पा पुष्कर में हुए इवेंट में रिजॉर्ट डायरेक्टर सूर्य जयपाल व तानिया जयपाल, एक्जीक्यूटिव शैफ अरुण चौहान, सेल्स मैनेजर महेंद्र सिंह राठौड़, रेस्टोरेंट मैनेजर महेश मोदी, हाउस कीपिंग मैनेजर सौरव शर्मा, वैश्वी मल्टीवेंचर्स प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर अमन, डीजे विशाल चंदानी ने लॉन्चिंग की। दीपक कुमार ने अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। अरुण चौहान ने बताया कि पूल पार्टी में किड्स मॉडल्स, पेरेंट्स और अन्य मेहमानों ने इंडिया किड्स फैशन वॉक की सक्सेज को सेलिब्रेट किया। डे पूल पार्टी और ईवनिंग सेलिब्रेशन के दौरान इंडियन और इंटरनेशनल कुजिंस की पेशकश खास थी। ये अवॉर्ड्स भारत के उन टैलेंटेड किड्स को समर्पित हैं, जिन्होंने कम उम्र में ही अलग मुकाम हासिल किया है। इस मौके पर फैशन डिजाइनर जितेंद्र कुमावत, कोरियोग्राफर रोहित शर्मा, के सेवन एंटरटेनमेंट से केके साल्वी, मेकअप आर्टिस्ट सलोनी खंडेलवाल सहित कई अन्य उपस्थित थे।

अवॉर्ड समारोह | पं. आजाद और बक्श खान को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

सुरों में बादल गरजे-बिजली कड़की, मोर बोले

बेधड़क | जयपुर

सावनी फुहारों के बीच जब मोहनवीणा साज से राग मल्हार से सुरवर्षा कर उत्सवी सुरूर बनाया तो कला प्रेमी रोमांचित हो उठे। नजारा था फनकार पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट की मोहनवीणा साज का।

क्लार्क्स आमेर के कंचन हॉल में पं. मनमोहन भट्ट स्मृति संगीत तथा अवॉर्ड समारोह के आखिरी दिन भट्ट ने ए मीटिंग बाय द रिवर की प्रस्तुति में सलोने सात्विक सुरों से गुलाबी सावन में संगीत के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरे।

नवाजे गए संगीत के यह फनकार

पंडित अरविंद आजाद को पंडित मनमोहन भट्ट लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बक्श खान को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। सवाई गाजी खान, बरकत खान, देऊ खान को पं. मनमोहन भट्ट मेमोरियल अवॉर्ड से नवाजा गया।

छह प्रकार से बजाकर मिलाए साज

पं. भट्ट ने अंगुलियों की बर्करफ्तारी से सलोने सुरों में मेघ गर्जना, बिजली का कड़कना, मोर का बोलना जैसी आवाजें पिरोकर रससिक्त कर दिया। उन्होंने राग मल्हार के छह प्रकार बजाकर साज मोहन वीणा की अद्भुत सृजनात्मक शक्ति को जाग्रत किया। इस दौरान मल्हार रागों की राग मालिका की उम्दगी से दानिशमंद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। तबले पर राम कुमार मिश्रा ने संगति के दौरान बनारस की थाप-चांट का बेहतरीन बानगी पेश कर कार्यक्रम में रौनक भर दी। इससे पहले तबला नवाज पं. अरविंद आजाद ने एकल वादन में बनारस घराने का सुरीलापन दर्शाया। कमाले फन से विशिष्टताओं को समेटे रेला, परण, कायदे तथा अनेक तिहाइयां का प्रदर्शन किया। समारोह में शहर की संगीत की कई हस्तियों समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

प्रदेश के 20 कवि जीवंत करेंगे ब्रज संस्कृति के रंग

जयपुर। जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में रहकर ब्रज भाषा में साहित्य साधना में लगे 20 कवि जयपुर में होंगे। मौका होगा राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी के रविवार को ब्रजभाषा काव्य महागोठ का। अकादमी सचिव गोपाल गुप्ता ने बताया कि काव्य महागोठ झालाना स्थित अकादमी संकुल के ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से होगी। कवियों को इस बार कुंडलिया छंद में 'सावन आयो' शब्द समस्या पूर्ति के रूप में दिया गया है। सभी इसको आधार बनाकर अपनी मौलिक रचनाएं पेश करेंगे।

विरोध का जबरदस्त तरीका है वृक्षों का-कोपलें वहीं से निकलेंगी, जहां से उन्हें काटा जाता है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

अखिल भारतीय शान्ति एवं एकजुटता संगठन

युद्ध और भयानक बमों पर जताई चिंता

- विश्व शान्ति परिषद की एशिया पैसिफिक क्षेत्र की बैठक सम्पन्न
- शान्ति के लिए व्यापक जनमत तैयार करेंगे

एजेंसी | काठमांडू

विश्व शान्ति परिषद के एशिया पैसिफिक क्षेत्र की बैठक में रूस और यूक्रेन युद्ध पर चिन्ता जताई गई और एक प्रस्ताव में कहा गया कि यूक्रेन में भारी संख्या में बहुत घातक क्लस्टर बम जमा किए जा रहे हैं, जिनसे युद्ध खतरनाक रूप ले सकता है और एशियाई देश इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। बैठक में बताया गया कि क्षेत्र में "एसियान नाटो" स्थापित करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका कार्यालय जापान में खोला जाएगा। बैठक में सभी देशों का मानना था कि देशों में बढ़ते अविश्वास और टकराव को दूर करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए और एशिया को साम्राज्यवादी देशों के पंजों में जकड़े जाने से रोकने के प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए एशिया पैसिफिक क्षेत्र में आर्थिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक सहयोग बढ़ाया जाना चाहिए। मीटिंग में हथियारों की होड़ समाप्त करने, फिलिस्तीन में शान्ति स्थापित करने की मांग की गई। साथ ही, सभी मुद्दों पर राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, छात्रों, युवाओं में आम सहमति बनाने के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। इस बैठक में शामिल भारतीय दल में राजस्थान से एप्सो राजस्थान के महासचिव सुशील शर्मा और रमेश शर्मा ने हिस्सा लिया।

उत्तर कोरिया: किम जोंग उन ने सैन्य परेड में रूस व चीन के प्रतिनिधिमंडल के साथ मंच साझा किया

परमाणु क्षमता से लैस मिसाइलों एवं हथियारों का किया प्रदर्शन

एजेंसी | सियोल

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश की राजधानी प्योंगयांग में सैन्य परेड के दौरान रूस और चीन के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मंच साझा किया और परमाणु क्षमता से लैस मिसाइलों एवं शक्तिशाली हथियारों का प्रदर्शन किया।

सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने गुरुवार शाम को शहर के मुख्य चौक पर स्थित इमारत की बालकनी से रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और चीन की सत्तारूढ़ पार्टी के अधिकारी ली होंगझोंग के साथ परेड देखी। मीडिया के अनुसार, सड़कों पर हजारों लोग जमा थे, जो मुख्य सड़क पर सैनिकों, टैंकों और विशाल अंतरद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जाने वाले वाहनों को देखकर नारे लगा रहे थे।

युद्धक ड्रोन भी परेड में शामिल

उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि परेड में हाल में विकसित निगरानी विमानों एवं युद्धक ड्रोन को भी प्रदर्शित किया गया। किम और शोइगु ने हाल में एक हथियार प्रदर्शनी में भी हिस्सा लिया था, जिसमें इन विमानों और ड्रोन का प्रदर्शन किया गया था। केसीएनए ने हालांकि यह नहीं बताया कि किम ने परेड के दौरान कोई संबोधन दिया या नहीं।

अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत

समाचार एजेंसी ने उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन नाम के भाषण का अंश प्रकाशित किया। कांग ने परेड के दौरान अपने भाषण में इस आयोजन को देश के इतिहास में ऐतिहासिक बताया और 'अमेरिका के प्रतिबंधों के जवाब में अमेरिका एवं उसके सहयोगी देशों के खिलाफ बड़ी जीत' करार दिया। उन्होंने कहा कि किम के नेतृत्व में उत्तर कोरिया 'निरंतर समृद्ध' हो रहा है।

गोपनीय दस्तावेजों के मामले में ट्रंप और घिरे

अब लगे अतिरिक्त आरोप

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संघीय अभियोजकों ने गुरुवार को एक बार फिर अभ्यारोपित किया। उन पर अतिरिक्त आरोप लगाए गए हैं।

नया अभियोग उस मामले में और आरोपों को जोड़ने के लिए है, जिसका सामना पद छोड़ने के बाद राष्ट्रपति कार्यालय से संबंधित दस्तावेजों को अवैध रूप से साझा करने, उन्हें अपने कब्जे में रखने और उन्हें वापस करने से इनकार करने के कारण ट्रंप पहले से कर रहे हैं। नए अभियोग को मैनहट्टन के पूर्व अभियोजक कारेन एगनिफिलो ने 'ब्लॉक बस्टर' करार दिया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने मार-ए-लागो क्लब पर लगे सुरक्षा कैमरा के फुटेज को हटवाने का प्रयास किया ताकि एफबीआई और 'ग्रांड ज्यूरी' से जानकारी को छिपाया जा सके।

आरोप है कि ट्रंप ने क्लब के कर्मियों को फुटेज को हटाने के लिए कहा। अभियोग में उनके कार्यकर्ता कार्लोस पर अब नए अभियोग में बाधा डालने का आरोप है।

क्या हैं गोपनीय या वर्गीकृत दस्तावेज?

कई वर्षों तक राज्य विभाग और रक्षा विभाग में एक विश्लेषक के रूप में काम कर चुके जेफरी फील्ड्स ने बताते हैं कि वर्गीकृत (गोपनीय) जानकारी उस प्रकार की सामग्री है, जिसे अमेरिकी सरकार या कोई एजेंसी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इतना संवेदनशील मानती है कि उस तक पहुंच को नियंत्रित और प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। वह लिखते हैं, 'गोपनीयता को कई स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परमाणु हथियारों से संबंधित दस्तावेजों में निहित जानकारी की संवेदनशीलता के आधार पर उसकी गोपनीयता का स्तर बिल्कुल अलग होगा।' दस्तावेज का मामला जासूसी अधिनियम के प्रावधानों पर आधारित है।

राष्ट्रपति कानून से ऊपर नहीं...

ट्रंप ने अपने आचरण की जांच करने वाले न्याय विभाग के प्रमुख और विशेष अधिवक्ता जैक स्मिथ पर हमला बोला और उन्हें 'विक्षिप्त' करार दिया। उन्होंने ऐलान किया कि पिछला अभियोग 'राजनीति को हथियार' बनाए जाने को दर्शाता है। "उच्चतम स्तर पर चुनावी हस्तक्षेप" है और कहा कि आरोप "हास्यास्पद" थे। रुडेसिल ने लिखा, 'ट्रंप और उनके सहयोगियों ने तर्क दिया कि पूर्व राष्ट्रपति पर आरोप लगाना अनुचित है, लेकिन संविधान के किसी हिस्से, किसी विधान या उच्चतम न्यायालय के किसी फैसले में पूर्व राष्ट्रपति को कानून से ऊपर नहीं रखा गया है।'

भारतीय मूल के जालसाज को 8 साल की जेल

लंदन। ब्रिटेन में पुलिस अधिकारी या बैंक कर्मी बनकर ठगी करने वाले भारतीय मूल के 28 वर्षीय जालसाज को कोर्ट ने धोखाधड़ी के नौ मामलों में आठ साल के कारावास की सजा सुनाई। पुलिस के मुताबिक स्नेरेसब्रुक क्राउन कोर्ट ने किशन भट्ट को गत नवंबर में दोषी ठहराया था और इस हफ्ते उसको सजा सुनाई।

नाइजर: त्चियानी को विद्रोही सैनिकों का नेता घोषित

नियामी (नाइजर)। जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी को उन विद्रोही सैनिकों का नेता घोषित किया गया है जिन्होंने नाइजर में तख्तापलट कर राष्ट्रपति को हिरासत में लिया था। त्चियानी ने तख्तापलट के बाद शुक्रवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश को विनाश से बचने के लिए बदलाव की जरूरत देख उन्होंने और अन्य लोगों ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया है।

मणिपुर हिंसा को लेकर लंदन में प्रदर्शन...

महिलाओं ने मौन जुलूस निकाला

एजेंसी | लंदन

मणिपुर में हिंसा के खिलाफ विरोध जताने के लिए ब्रिटेन स्थित भारतीय मूल के एक महिला समूह ने लंदन में प्रदर्शन करते हुए मौन जुलूस निकाला।

द वुमन ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया सपोर्ट नेटवर्क (डब्ल्यूएनईएसएन) संगठन से जुड़े पुरुषों और महिलाओं ने यहां भारतीय उच्चायोग के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। चेहरे पर मास्क लगाए प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां भी ले रखी थी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बुधवार शाम को पार्लियामेंट स्क्वायर से जुलूस निकाला जो संसद भवन परिसर के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष खत्म हुआ। डब्ल्यूएनईएसएन ने एक बयान में कहा, 'हमने मणिपुर में दो कुकी आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और सामूहिक बलात्कार की घटना के खिलाफ अपना दर्द और क्षोभ व्यक्त करने और पीड़िताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए जुलूस निकाला।'

जमीन से निकला खंडहर

इस थिएटर में नीरो बजा रहा था बांसुरी!

- कहावत है, 'जब रोम जल रहा था तब नीरो बांसुरी बजा रहा था'

एजेंसी | नीरो

रोम में पुरातत्वविदों ने नीरो के थिएटर वाला खंडहर खोज लिया है, जिसका प्राचीन रोमन ग्रंथों में व्यापक रूप से वर्णन है। इसका पता अभी तक काफी अस्पष्ट रहा था।

इस थिएटर का नाम नीरो क्लॉडियस सीजर ऑगस्टस जर्मेनिकस के नाम पर रखा गया है, जो 54 ईस्वी से लेकर 68 तक अपनी मृत्यु तक रोमन सम्राट रहा। माना जाता है कि यह वही जगह है जहां नीरो ने कविता का अभ्यास किया और संगीत का प्रदर्शन किया। नीरो मौत के सैकड़ों साल बाद भी सबसे कुख्यात शासकों में से एक है। नीरो को लेकर एक कहावत बेहद मशहूर है। 'जब रोम जल रहा था तब नीरो बांसुरी बजा रहा था', आज भी गैरजिम्मेदार नेता के लिए इस कहावत का प्रयोग होता है। यह कहावत सच भी है और इस भयंकर आग में पूरा रोम जल गया था।

रोम के पैसे का बड़े पैमाने पर किया दुरुपयोग

नीरो के नेतृत्व को बेहद अत्याचार भरा माना जाता है। उसने कथित तौर पर अपनी मां और दो पत्नियों की हत्या कर दी और रोम के पैसे का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया। उसे सात तारों वाले एक वाद्ययंत्र को बजाने का शौक था। उसने थिएटर में कला का प्रदर्शन भी किया। शोधकर्ताओं ने इमारत के खंडहरों के बीच बिखरी विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का पता लगाया है।

यह मिला खुदाई में

जो वस्तुएं खुदाई में मिलीं, उनमें सात मध्ययुगीन कांच के प्याले, माला में इस्तेमाल की जाने वाली हड्डी के टुकड़े, मिट्टी के बर्तन, कलश, रोटी पकाने का बर्तन, सिक्के, हड्डी से बनी कंघी और संगीत वाद्ययंत्र के कई टुकड़े मिले थे। थिएटर के शेष वास्तुशिल्प तत्वों के लिए पुरातत्वविदों ने सोने की पत्ती से सजाए गए संगमरमर के स्तंभों और प्लास्टर का पता लगाया है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
संपादक: मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl